संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .......
06 मार्च 2025, गुरुवार
पृष्ठ-8, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 155
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज
# संताल एक्सप्रेस

## विधानसभा में 17 की जगह अब 22 मार्च को होगी सदन की कार्यवाही

**रांची ।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही अब 17 मार्च नहीं होगी। होली के त्योहार के कारण विधानसभा की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में बुधवार को यह फैसला किया गया। बैठक विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र महतो की अध्यक्षता में हुई। 17 मार्च को होने वाली कार्यवाही के विषय अब 22 मार्च को सदन में आएंगे। 22 मार्च को पहले सदन की कार्यवाही स्थगित थी, लेकिन अब 22 मार्च को सदन की कार्यवाही होगी। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कई विधायक मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने 49 प्रशिक्षण अधिकारियों को सौंपा नियुक्ति पत्र, कहा-
## नियुक्तियों का कारवां बढ़ता रहेगा
### आईटीआई संस्थानों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का पाठ्यक्रम शामिल करें



**संवाददाता**

**रांची ।** रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में आयोजित एक समारोह में बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 49 नव-चयनित प्रशिक्षण पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर चयनित अधिकारियों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि नियुक्तियों का यह कारवां बढ़ता रहेगा। युवाओं को रोजगार से जोड़कर राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने नव चयनित प्रशिक्षण अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज से सरकार की एक अभिन्न अंग के रूप में जिम्मेदारियों से भरे नए सफर की आप शुरुआत कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि आप प्रशिक्षण देकर युवाओं के हुनर को इस तरह से निखारेंगे कि उन्हें रोजगार के लिए मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्हें रोजगार के भरपूर अवसर प्राप्त होंगे। वे अपने हुनर तथा क्षमता की बदौलत देश -विदेश में मान सम्मान और गर्व के साथ कार्य कर अपने परिवार और राज्य का नाम आगे बढ़ाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान कई बार पॉलीटेक्निक संस्थानों के विद्यार्थियों ने मुलाकात कर पठन-पाठन एवं प्रशिक्षण को लेकर हो रही समस्याओं से अवगत कराया था। इसी बात को संज्ञान में लेकर आईटीआई संस्थानों को मजबूत और संसाधनयुक्त बनाने का कार्य चल रहा है। इसी कड़ी में आईटीआई संस्थानों में पढ़ाई और प्रशिक्षण की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में प्रशिक्षण पदाधिकारियों की नियुक्ति हुई है। यह हमारे द्वारा किए जा रहे प्रयासों का एक हिस्सा है और आने वाले दिनों में इसमें कई और कड़ियां जुड़ेंगी। हमारी कोशिश है कि झारखंड जैसे पिछड़े राज्य में रोजगार को लेकर नौजवानों की चिंताएं दूर हों।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हुनर का कोई मोल नहीं होता है। हुनर तो अनमोल है। अगर आपके पास हुनर हो तो आपको रोजगार के लिए दौड़ने की जरूरत नहीं है। रोजगार खुद आपके दरवाजे पर आएगा, क्योंकि हुनरमंद को हर कोई अपने साथ जोड़कर रखना चाहता है। यही वजह है कि हमारी सरकार राज्य के नौजवानों के कौशल विकास के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। अब नौजवानों के प्रशिक्षण के लिए टेक्नोलॉजी पर विशेष जोर दिया जा रहा है, क्योंकि तकनीक के जरिए ही आज के युवा आगे बढ़ सकेंगे।

## 100 करोड़ के घोटाले पर विधानसभा में हंगामा, मंत्री ने मांगा सात दिन का वक्त





**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के सातवें दिन कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में 100 करोड़ रुपये के घोटाले का मुद्दा उठाया। इसके बाद विभागीय मंत्री और सदन के सदस्यों के बीच जमकर खींचतान हुई। विधायक प्रदीप यादव ने सवाल किया कि स्वर्णरखा परियोजना के अधीन शीर्ष कार्य प्रमंडल में फर्जी खाता खोलकर करोड़ों रुपये की फर्जी निकासी का मामला वित्त विभाग की जांच रिपोर्ट में आया है। रांची और लोहरदगा में कार्यपालक अभियंता ने एल एंड टी कंपनी की जगह रोकड़पाल के खाते में बिल भुगतान कर बंदरबांट किया है। इस मामले में मुख्य अभियंता प्रभात कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता चंद्रशेखर समेत अन्य अभियंताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। इस पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि चलते सत्र में जांच कर सभा को अवगत कराया जायेगा। इस पर सत्ता पक्ष की ओर से झामुमो विधायक स्टीफन मरांडी ने कहा कि कार्यपालक अभियंता को बचाने की साजिश चल रही है। स्टीफन मरांडी का साथ देते हुए कांग्रेस विधायक रामेश्वर उरांव ने कहा कि कार्रवाई को तीन तरीके से पेश किया जाता है। पहला फंसा दो, दूसरा धंसा दो और तीसरा दूध का दूध और पानी का पानी कर दो। उन्होंने कहा कि इस मामले में धंसा दो वाला काम हो रहा है। इसका मतलब है कि अधिकारी को बचाया जा रहा है। पूरे मामले को सिर्फ संतोष कुमार रोकड़पाल पर सिर्फ एफआईआर कर मामले को समाप्त नहीं किया जा सकता। इस पर झामुमो विधायक मथुरा प्रसाद महतो और झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू ने प्रदीप यादव का पक्ष लेते हुए कहा कि विभागीय जांच का मतलब लीपापोती है। इसलिए प्राथमिकी होनी चाहिए, क्योंकि इस मामले में सिर्फ रोकड़पाल संतोष कुमार पर कार्रवाई की गयी है। जब वित्त विभाग ने सभी को दोषी पाया है तो कार्रवाई एक पर क्यों। इस बीच पूरे मामले में चुटकी लेते हुए भाजपा विधायक नवीन जयसवाल ने कहा कि यदि सत्ता पक्ष के विधायकों को दोषियों पर कार्रवाई करने में इतनी मशक्कत करनी पड़ रही है, तो विपक्ष द्वारा उठाए गए मुद्दों पर कार्रवाई करने में क्या स्थिति होगी।

### भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो सदन में धरना दूंगा : प्रदीप यादव

सत्ता पक्ष के विधायकों ने मंत्री योगेंद्र प्रसाद को घेरा। कांग्रेस के प्रदीप यादव ने अवैध निकासी से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में तत्कालीन कार्यपालक अभियंता सहित अन्य पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। उन्होंने कहा कि वित्त विभाग की जांच रिपोर्ट में दोषियों पर एफआईआर करने की अनुशंसा की गई है। यदि भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वह सदन में धरने पर बैठ जाएंगे।

वहीं हेमलाल मुर्मू ने कहा कि बिना कार्यपालक अभियंता के रोकड़पाल गबन नहीं कर सकता है। प्रभारी मंत्री के रूख से लग रहा है कि वह कार्यपालक अभियंता को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी नीयत पर सवाल उठता है। देर तक चली बहस में प्रभारी मंत्री ने कहा कि सात दिन के भीतर कार्रवाई कर अवगत कराया जायेगा। इस पर प्रदीप यादव ने आसन से आग्रह किया कि इस प्रश्न को सात दिन के लिए स्थगित कर दिया जाये। जिसके बाद स्पीकर ने इस प्रश्न को सात दिन के लिए स्थगित कर दिया। अब इस प्रश्न पर सात दिन के बाद चर्चा होगी।

### बाबूलाल ने पथ निर्माण विभाग की पारदर्शिता पर उठाए सवाल, सूची नहीं मिलने पर जताई नाराजगी



**रांची ।** विधायक और पूर्व भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने विधानसभा में पथ निर्माण विभाग से जुड़े सवाल उठाते हुए 2020-21 से 2024-25 तक के सभी स्थानांतरित पदों की सूची उपलब्ध कराने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने उन सड़कों की सूची भी मांगी, जिन्हें पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित किया गया है। हालांकि विभाग की ओर से दिए गए लिखित जवाब में सूची संलग्न करने की बात कही गई थी, लेकिन सूची उपलब्ध नहीं कराई गई। इस पर नाराजगी जताते हुए बाबूलाल ने कहा कि सभी विधायकों को इस जानकारी का अधिकार है, लेकिन विभाग गुमराह करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने इसे गलत परिपाटी करार देते हुए सदन से संज्ञान लेने की मांग की। इस पर जवाब देते हुए विभागीय मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि यह एक लिपिकीय त्रुटि हो सकती है और जल्द ही सभी सदस्यों को पूरी सूची उपलब्ध करा दी जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री से सेल के अध्यक्ष ने की मुलाकात



**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को झारखंड मंत्रालय में स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (सेल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक अमरेंदु प्रकाश, बोकारो स्टील प्लांट, (बीएसएल) के डायरेक्टर इन-चार्ज बीरेंद्र कुमार तिवारी एवं माइंस (सेल, बोकारो) के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर विकास मनवटी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री के साथ उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी मौजूद रहे।

### भाजपा विधायक दल के नेता चुनने के लिए हुई पर्यवेक्षकों की नियुक्ति



**रांची ।** झारखंड विधानसभा में भाजपा विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए पार्टी के संसदीय बोर्ड ने दो केंद्रीय पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया है। दोनों पर्यवेक्षकों के नाम केंद्रीय वन ,पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद डॉ के. लक्ष्मण है। इस संबंध में बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने पत्र जारी कर जानकारी दी है।

### नवादा : विद्युत स्पर्शघात से बस पर सवार चार की मौत

**नवादा ।** बिहार में नवादा जिले के नारदीगंज प्रखंड में बिजली का तार टूटने से बुधवार को 4 लोगों की मौत हो गई। घटना राजीव नगर के पास हुई है। सभी लोग नालंदा जिले के राजगीर से बस से खिजरसराय रोड की तरफ जा रहे थे। घटना रास्ते में एक गिरे हुए पेड़ को हटाने के दौरान घटी । इसी दौरान अचानक बिजली का तार टूट गया। तीन लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। एक व्यक्ति की मौत अस्पताल ले जाते समय रास्ते में हुई।

## भारत एआई खो़ंदरो़ंद ला़गित् मित्टेन दिसा़मतेयाक् फ़यलाव पा़रसी मॉडल ए बांधावा : माराङमंत्री



**खोबोरिया**

**नावाँ दिल्ली।** माराङमंत्री नरेन्द्र मोदी दो़ बुधवार हिलोक्ए मेन केदा जे भारत दो़ कृत्रिम बुद्धिमता एआई खो़ंदरो़ंद ला़गित् मित्टेन दिसा़मतेयाक् फ़यलाव पा़रसी मॉडल (एलएलएम) ए बांधावा। उनी दो़ उद्योगको ठेन नोआ क्षेत्र रे निवेश ला़गित्ए मेन केदा। माराङमंत्री दो़ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग होतेते रोजगार सिरजा़न रे बो़जो़ट तायो़म वेबिनार रेय गालमारावाकोकान ताहेंना। उनी दो़य मेन केदा जे नोआ बो़छो़र रेयाक् केन्द्रीय बो़जो़ट केटेज का़मीदाड़े आर ढेरोक् का़उडी बेबो़सता रेयाक् हो़रे उदुक्एत् काना। मोदी दो़य मेन केदा जे दिसा़म रेयाक् भविष्य इनोवेशन रे चालाक् निवेश ते निट होयोक् काना। भारत रेयाक् का़उडीबेबो़सता रे एआई आयमा लाख करोड़ टाका ग्रोथ ए एम दाड़ेयाक्आ। उनी दो़य मेन केदा जे भारत दो़ एआई रेयाक् दाड़ेको विकसित ला़गित् दिसा़मतेयाक् फ़यलाव पा़रसी मॉडलहो़य बांधावा। नोआ पोंथा रे आबो़वाक् प्राइवेट सेक्टर हों दुनिया़सांव मित् टाण्डा लाहा ताहेन रेयाक् जा़रूड़ मेनाक्आ। माराङमंत्री दो़य मेन केदा जे हो़ड़को, का़उडीबेबो़सता आर नवाचार रे निवेश दो़ मित् नोडकान थीम काना, ओका दो़ विकसित भारत रेयाक् रोडमैप ए ओनोरोमेत् काना। नोआ बो़छो़र रेयाक् बो़जो़ट रे नोआ रेयाक् प्रभाव हों आ़डी माराङ ता़री रे ञेलोक् काना। ओनाइया़ते नोआ बो़जो़ट भारत रेयाक् भविष्य रेयाक् ब्लूप्रिंट बानाव काते सामाङ हेच् आकाना। उनी दो़य मेन केदा जे निवेश रे तिना़क् प्राथमिकता आसो़लाक् ढांचा आर उद्योगको एम आकावात्कोआ, उना़क् गेप्राथमिकता हो़ड़को, का़उडीबेबो़सता आर इनोवेशन हों एम आकावादा। उनी दो़य मेन केदा जे तेहेञ भारत रेयाक् शिक्षा प्रणाली आयमा दशक

तायो़म तिना़क् माराङ बो़नो़दो़ल ते पारो़मो़क् काना। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, आईआईटी रेयाक् फ़यलाव, शिक्षा रे तकनीकी सेलेद, एआई रेयाक् बेवहार आर 22 भारतीय पा़रसीको रे शिक्षण सामग्री बेबो़सताय लेकान माराङ पोंथा राकाप आकाना।

## नक्सली आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ के तीन जवान घायल



**संवाददाता**

**पश्चिमी सिंहभूम/रांची ।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले में सुरक्षाबलों के सर्च अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा बिछाए गए आईईडी विस्फोट में तीन जवान घायल हो गए। चाईबासा एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि बुधवार को छोटानागरा थाना क्षेत्र के वनग्राम बालीबा के पास जंगल और पहाड़ी इलाके में नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए पहले से आईईडी प्लांट किया था। इसके अलावा, नक्सलियों ने रास्ते में गड्ढा कर लोहे का तीर (स्पाइक होल) भी लगाए थे, जिसकी चपेट में आने से सीआरपीएफ 197 बटालियन के एसी जीजे साई, एचसी/आरओ वीटी राव और सीटी/जीडी धर्मेंद्र कुमार घायल हो गए। घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हेलीकॉप्टर से रांची लाकर राज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल जवानों से झारखंड डीजीपी अनुराग गुप्ता और आईजी अखिलेश झा ने राज अस्पताल में मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य का हाल जाना।

## ट्रैक्टर एवं बाइक की भिड़ंत में बाइक चालक की मौत, किशोर घायल



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**साहिबगंज (उधवा) ।** राधानगर थाना क्षेत्र के बेगमगंज उधवा सिरासीन सड़क के सिंहजी आम बागान के समीप बुधवार सुबह करीब 11 बजे ट्रैक्टर एवं बाइक की सीधी भिड़ंत में बाइक चालक रफीक शेख की मौत हो गई. जबकि एक किशोर नुर आलम गंभीर रूप से घायल हो गया. मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के उत्तरी बेगमगंज पंचायत के फुटानी बाजार सीताराम टोला निवासी 17 वर्षीय रफीक शेख किसी काम से मीरनगर गया था.वहीं घर वापस लौटने के क्रम में उधवा सिरासीन आरईओ सड़क सिंह जी बागान के पास विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर के चपेट में आ गया.जिससे बाइक चालक सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया. स्थानीय लोगों के अनुसार ट्रैक्टर का पहिया बाइक चालक रफीक के कमर व पैर के ऊपर चढ़ गया था. जिससे पैर व कमर की हड्डी फैक्चर हो गया. वहीं इस घटना में 16 नूर आलम गंभीर रूप से घायल हो गया स्वजनों ने घायल रफीक को आनन-फानन में ईलाज के लिए भागलपुर लेकर निकल गये.लेकिन घायल रफीक ने रास्ते में दम तोड़ दिया।

## पटना विश्वविद्यालय में दरभंगा हाउस बम धमाकों से गूंजा



**एजेंसी**

**पटना ।** पटना विश्वविद्यालय में दो साल के बाद इस बार छात्र संघ का चुनाव होना है। इसके पहले दरभंगा हाउस परिसर बम धमाकों से गूंज उठा। घटना के बाद दरभंगा हाउस परिसर में हड़कंप मच गया।

संस्कृत विभाग के एचओडी प्रोफेसर लक्ष्मी नारायण की गाड़ी पर भी हमला किया गया है। उनकी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस के साथ टाउन डीएसपी दीक्षा भी पहुंचीं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि कुछ युवक बम मार रहे हैं। संभवतः ये पटना विश्वविद्यालय के छात्र हो सकते हैं क्योंकि कई बार पहले भी इस तरह की घटनाएं हुईं हैं। वहीं टाउन डीएसपी ने पूरी घटना की पुष्टि कर कहा कि दरभंगा हाउस में एक सुतली बम फोड़ने की सूचना मिली थी।

## राज्य सरकारें निजी अस्पतालों में मरीजों के शोषण को रोकने बनाएं नीति : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने निजी अस्पतालों में मरीजों और उनके परिजनों के शोषण को रोकने के लिए राज्य सरकारों को उचित नीतियां बनाने का निर्देश दिया है। यह फैसला एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान आया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि निजी अस्पताल और उनकी फार्मेसियां मरीजों से एमआरपी से अधिक दाम वसूल रही हैं।

निजी अस्पतालों द्वारा लूट संबंधी जनहित याचिका सिद्धार्थ डालमिया और उनके पिता द्वारा दायर की गई थी। याचिकाकर्ता सिद्धार्थ का कहना था कि उनकी मां का स्तन कैंसर का इलाज निजी अस्पताल में हुआ, जहां उन्हें महंगी दवाएं खरीदने के लिए मजबूर किया गया। उनकी अपील थी कि मरीजों को अपनी पसंद की फार्मेसी से दवा खरीदने की स्वतंत्रता दी जाए और निजी अस्पतालों को यह अनिवार्य करने से रोका जाए कि मरीज सिर्फ उन्हीं की फार्मेसी से दवा खरीदें।

**कोर्ट ने राज्य सरकारों को कार्रवाई का दिया निर्देश**

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह मामला संविधान के तहत राज्य सूची का विषय है, इसलिए केंद्र सरकार इस पर सीधे हस्तक्षेप नहीं कर सकती। कोर्ट ने राज्य सरकारों से कहा कि



वे व्यापक नीति बनाकर मरीजों के शोषण पर रोक लगाएं और साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि निजी अस्पतालों के कामकाज पर अनावश्यक प्रतिबंध न लगे।

**निजी अस्पतालों और दवा कंपनियों की मिलीभगत**

आरोप तो यह भी लगते रहे हैं कि निजी अस्पताल प्रबंधन और दवा कंपनियां मिलकर मरीजों को महंगी दवाएं खरीदने पर मजबूर कर रही हैं। महज 20 रुपये की दवा को 200 रुपये तक में बेचा जाता है। अस्पतालों के मेडिकल स्टोर पर मनमानी कीमतों पर दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मरीजों से खास मेडिकल दुकानों से ही दवा खरीदने के लिए कहा जाता है, जिससे लूट की आशंका और बढ़ जाती है।

## चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा
### न्यूजीलैंड ने अफ्रीका को 50 रन से हराया



**एजेंसी**

**लाहौर ।** न्यूजीलैंड ने अफ्रीका को 50 रन से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। जहां कीवियों का सामना भारतीय टीम से दुबई के मैदान पर 9 मार्च को होगा। बुधवार को लाहौर में न्यूजीलैंड ने दूसरे सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को 50 रन से हराया। न्यूजीलैंड ने 363 रन का टारगेट चेज कर रही अफ्रीकी टीम 9 विकेट पर 312 रन ही बना सकी। कप्तान मिचेल सैंटनर ने 3 विकेट झटके। मैट हेनरी और ग्लेन फिलिप्स को 2-2 विकेट मिले। एक-एक विकेट माइकल ब्रेसवेल और मिचेल सैंटनर को मिले। साउथ अफ्रीका से डेविड मिलर ने शतक बनाया।

## बोफोर्स घोटाले की फिर से जांच कराएगी मोदी सरकार
### अमेरिकी प्रशासन को पत्र लिखकर मांगी जानकारी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** भारत सरकार ने अमेरिकी प्रशासन को एक अनुरोध भेजा है, इसमें 64 करोड़ रुपये के बोफोर्स घोटाले से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी की मांगी गई है। भारत सरकार के नए कदम से स्वीडन से 155 मिमी फील्ड आर्टिलरी गन की खरीद को लेकर राजीव गांधी की अगुवाई वाली कांग्रेस सरकार के तहत हुए घोटाले की जांच को फिर से शुरू करने के संकेत के रुप में देखा जा रा है। रिपोर्ट के मुताबिक सीबीआई ने हाल ही में एक विशेष अदालत द्वारा जारी पत्र अमेरिकी न्याय विभाग को भेज दिया है। इस पत्र में एजेंसी ने अमेरिकी निजी जासूसी कंपनी फेयरफैक्स के प्रमुख माइकल हर्शमैन से जुड़ी जानकारी की मांग की है।

2017 में हर्शमैन ने दावा किया था कि तब के पीएम राजीव गांधी गुस्से में थे जब उन्होंने स्विस बैंक खाते मॉन्ट ब्लांक का पता लगाया, जहां बोफोर्स से रिश्वत की रकम कथित रूप से जमा की गई थी। हर्शमैन ने कहा था कि तब की राजीव सरकार ने उनकी जांच को नाकाम कर दिया था। जांच एजेंसी सीबीआई ने पहली बार अक्टूबर 2024 में दिल्ली की अदालत से संपर्क किया था, इसमें उन्हें अमेरिकी अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करने के लिए मंजूरी देने का अनुरोध किया था।

## विधानसभा में अपनों से ही घिर गए मंत्री योगेंद्र
- बजट सत्र में सरकार की हुई किरकिरी
- प्रदीप यादव के सवाल का जवाब नहीं दे पाए मंत्री

**समाचार विश्लेषण**

**चंदन मिश्र**

झारखंड विधानसभा का बजट सत्र के पांचवें दिन प्रश्नकाल के दौरान सरकार के पेयजल स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद सत्ताधारी दल के विधायकों से ही घिर गए। अव्वल तो मंत्री विधायक प्रदीप यादव के एक सवाल का अंतिम तक जवाब नहीं दे पाए, दूसरे सदन में मौजूद सत्ताधारी दल के आधा दर्जन वरिष्ठ विधायकों ने भी प्रदीप यादव के सवाल और मांग का समर्थन करते हुए मंत्री की जबरदस्त घेराबंदी कर दी।

प्रदीप यादव सहित सभी सदस्य आरोपी अभियंताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे थे। मंत्री योगेंद्र प्रसाद बार बार इसे टालते हुए कार्रवाई के लिए सदन से समय मांग रहे थे।

बुधवार को बजट सत्र के पांचवें दिन अल्पसूचित प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने विभाग से जुड़े एक वित्तीय घोटाले का मामला उठाया। स्वर्णरेखा परियोजना से संबंधित कार्य को लेकर एलएनटी कंपनी को भुगतान करने की बजाय मुख्य अभियंता, कार्यपालक अभियंता और नीचे के अधिकारियों कर्मचारियों ने करोड़ों रुपए अपने बैंक खाते में डाल दिए। सरकार के वित्त विभाग ने पूरे मामले की जांच के बाद यह वित्तीय घोटाला उजागर किया। वित्त विभाग की इस जांच और विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा के लिखित जवाब पर ही विधायक प्रदीप यादव अभियंताओं पर दंडात्मक कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

इस संबंध में कांग्रेस विधायक रामेश्वर उरांव ने हस्तक्षेप करते हुए इसे काफी गंभीर मामला बताया। उन्होंने मंत्री से आरोपी अभियंताओं पर दंडात्मक कार्रवाई की मांग दोहराई। झामुमो के मथुरा महतो, हेमलाल मुर्मू और भाजपा के नवीन जायसवाल ने भी विधायक प्रदीप यादव की मांग का समर्थन कर आरोपी अभियंताओं के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही।

स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने भी सदन का मिजाज भांपते हुए पेयजल स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद से आरोपियों पर कार्रवाई करने या इस संबंध में ठोस जवाब देने को कहा। लेकिन मंत्री योगेंद्र प्रसाद घुमा फिराकर एक ही जवाब दे रहे थे। उनके जवाब से प्रश्नकर्ता प्रदीप यादव सहित कांग्रेस और झामुमो के विधायकों ने भी असहमति जताई। अंत में स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने इस सवाल को अगले दिन के लिए स्थगित कर दिया।

## केंद्र सरकार ने शुरु किया सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पहले केंद्र सरकार ने पंचायती राज संस्थानों में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने और उनके फैसले लेने के कौशल को बढ़ाने विशेष अभियान शुरू किया है। इसको नाम दिया है सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान।

इसके तहत मंगलवार को एक कार्यक्रम में इसकी शुरुआत की गई। इस अवसर पर पंचायती राज मंत्रालय द्वारा प्राइमर भी जारी किया गया, जिसमें महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा व सशक्तिकरण के लिए कानूनों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अभियान का उद्देश्य 'सरपंच पति' जैसी प्रथा पर अंकुश लगाना है, जिसमें निर्वाचित महिलाओं की जगह उनके पति या अन्य पुरुष रिश्तेदार पंचायत की बागडोर संभालते हैं। पंचायती राज मंत्रालय की सलाहकार समिति ने अपनी रिपोर्ट में 'प्रॉक्सी नेतृत्व' के मामलों में कठोर दंड देने की सिफारिश की थी। समिति ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए क्षमता निर्माण, परामर्श और जमीनी स्तर से लेकर उच्च स्तर तक निगरानी की एक ठोस रूपरेखा तैयार करने का भी सुझाव दिया था। इस कार्यक्रम में केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह, महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और पंचायती राज राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने सरपंच पति, मुखिया पति और प्रधान पति के नाम पर महिलाओं की भूमिका को छीनने की आलोचना की।

# बोकारो विधायक ने विस्थापितों की बदहाली का मामला उठाया, सीएम ने दिया आश्वासन



**रांची संवाददाता ।** बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने विधानसभा में सेल द्वारा अधिग्रहित भूमि पर बसे पुराने गांवों में बुनियादी सुविधाओं की कमी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि विस्थापित ग्रामीणों को अब तक मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पाई हैं, जिससे वे खानाबदोश जैसी जिंदगी जीने को मजबूर हैं। इन गांवों को पंचायत सूची में शामिल नहीं किया गया है, जिससे 50-60 हजार की आबादी सरकारी योजनाओं से वंचित है। इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जवाब देते हुए कहा कि इन गांवों को पंचायती राज व्यवस्था में शामिल करने के लिए केंद्र सरकार से बातचीत करनी होगी। हालांकि, सरकार अधिग्रहित गांवों में बुनियादी सुविधाएं बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए जल्द ही सेल प्रबंधन से चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि सेल के अधिकारी आज उनसे मुलाकात करने आ रहे हैं और अधिग्रहित इलाकों के रखरखाव व सुविधाओं की बहाली को लेकर उनसे बातचीत की जाएगी। झरिया विधायक रागिनी सिंह ने सदन में धनबाद नगर निगम में शामिल 27 गांवों को अलग करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि इन गांवों को निगम क्षेत्र में शामिल किये हुए 15 साल हो गये हैं। लेकिन अब तक यहां बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गयी हैं। इस पर जवाब देते हुए विभागीय मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि गांवों को निगम क्षेत्र से बाहर करना समाधान नहीं है, बल्कि सरकार की प्राथमिकता वहां आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना होगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार इस दिशा में जल्द कदम उठाएगी।

## राज्य सरकार ने गुरूजी के नाम को भुनाया : नीरा



रांची।भाजपा की विधायक डॉ नीरा यादव ने बुधवार को भोजनावकाश के बाद बजट पर वाद-विवाद में हिस्सा लेते हुए कहा कि राज्य सरकार ने गुरूजी शिबू सोरेन के नाम को भुनाया। उन्होंने कहा कि सरकार ने गुरूजी के नाम पर युवाओं को क्रेडिट कार्ड देने की योजना पूरी नहीं की और युवाओं को अयोग्य बताकर लाभ से वंचित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने बेरोजगार युवाओं को न तो नौकरी दी और न ही बेरोजगारी भत्ता ही दिया, जबकि मंत्रियों के लिए 70 करोड़ रुपए का आलीशान बंगला बनाया गया है।विधायक ने कहा कि हमारी सरकार में कमल क्लब के जरिए युवाओं को खेल से जोड़ा जा रहा था, जिसे इस सरकार ने योजना का नाम बदलने के बाद पूरी तरह बंद कर दिया। यह युवाओं के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि राज्य में रोजगार को लेकर एक नीति बननी चाहिए।पेट्रोल सब्सिडी के नाम पर धोखानीरा यादव ने कहा कि झामुमो ने जेपीएससी और जेएसएससी को लेकर कैलेंडर बनाने की बात कही थी, लेकिन यह बात भी कोरी साबित हुई।विधायक ने सरकार पर पेट्रोल सब्सिडी के नाम पर भी लोगों को धोखा देने का आरोप लगाया। विधायक ने कहा कि बजट की इतनी बड़ी राशि से उम्मीद थी कि लोगों को बहुत कुछ मिलेगा, लेकिन सरकार पिछले बजट के पैसे को ही खर्च नहीं कर पाई है। **केंद्र सरकार ने झारखंड को पलकों पर बिठाया**नीरा यादव ने कहा कि केंद्र सरकार ने झारखंड को पलकों पर बिठाया है।उन्होंने कहा कि पूर्व के मनमोहन सरकार में जहां रेलवे को झारखंड को केवल 457 करोड़ रुपए मिले थे वहीं एनडीए सरकार में 7309 करोड़ रुपए दिया गया। वर्ष 2014 में जहां झारखंड में केवल रांची में एयरपोर्ट था अब जमशेदपुर और देवघर से उड़ानें शुरू हो गई हैं। झारखंड में केंद्र सरकार ने 2444 किमी के एनएच सड़क का निर्माण किया। मुद्रा योजना के तहत 74600 करोड़ रुपए का लोन महिला उद्यमियों को दिया गया, जबकि पीएमएसवाई योजना के तहत झारखंड में एक दिन में 900 से 1100 घरों में गृह प्रवेश कराया

## स्पीकर सत्ता पक्ष को दे रहे तरजीह, इसलिए भाजपा ने किया वॉकआउट : बाबूलाल



रांची(ईएमएस)। विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बुधवार को भाजपा के विधायकों ने बजट पर चल रहे वाद-विवाद के बीच सदन से वॉकआउट किया। सदन के बाहर मीडिया से बात करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष सदन को मनमाने ढंग से चलाना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष को सदन में तरजीह दी जा रही है। वहीं, जब विपक्ष के सदस्य बोलने के लिए खड़े होते हैं तो आसन की ओर से उन्हें बार-बार टोका जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायक नीरा यादव जब सदन में बोल रहीं थीं तो सत्ता पक्ष के विधायकों ने टोका। दुर्भाग्यजनक यह है कि आसन से उनको संरक्षण प्राप्त हुआ। नीरा यादव ने स्पीकर से टोका-टोकी में बर्बाद हुए समय के बदले समय की मांग की तो अध्यक्ष ने अस्वीकृत कर दिया। यह पूरी तरह से मनमानी है। सत्ता पक्ष के इशारे पर विपक्ष की बातों को दबाने की साजिश है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। भाजपा के विधायकों ने इस मुद्दे पर विरोध दर्ज करते हुए सदन से वॉकआउट किया।इधर कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि स्पीकर के लिए सभी दल और उसके सदस्य बराबर हैं। संख्या के आधार पर समय का निर्धारण होता है। तथ्यों की जानकारी नहीं होने के कारण भाजपा के सदस्य उपलब्ध समय में अपनी बातों को प्रभावी तरीके से नहीं रख पा रहे हैं। अपनी इज्जत बचाने के लिए भाजपा स्पीकर पर आरोप मढ़ रही है। विपक्षी दलों में तारतम्यता का आभाव साफ देखा जा रहा है। एका नहीं होने की बात एनडीए फोल्डर से भी सतह पर आ चुकी है।

## कार पेड़ से टकरायी, दो भाइयों की मौत

**पलामू संवाददाता ।** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के बान्दुबार सरैया में डालटनगंज-पांकी मुख्य पथ बुधवार शाम एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी। इस भीषण हादसे में कार में बैठे दो भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को बेहतर इलाज के लिए एमआरएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है। उनकी हालत चिंताजनक बतायी गयी है। मृतकों की पहचान पांकी के हुरलौंग गांव निवासी चचेरे भाई नंदेश भुइयां और अवधेश भुइयां के रूप में हुई है। वहीं, हादसे में राकेश भुइयां, काशी भुइयां (दोनों लेस्लीगंज निवासी) और चालक धर्मेंद्र कुमार (गेठा लेस्लीगंज) गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। हादसे के पीछे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कार की स्पीड ज्यादा थी। कार हरियाणा नंबर की है। उसके पीछे के शीशे पर अधिवक्ता लिखा हुआ है।

## सड़क हादसे के विरोध में हुए उपद्रव का मामला: पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया

**देवघर सं।** जिले के कुंडा थाना क्षेत्र के सारवां रोड स्थित हथगढ़ मोड के पास 2 मार्च को सड़क हादसे में एक अधेड़ महिला की मौत हो गई थी। इस घटना के विरोध में उपद्रवियों ने कुछ नेताओं और एक निजी अस्पताल के कर्मियों के सहयोग से सड़क जाम कर दिया था। जाम के दौरान उपद्रवियों ने पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट भी की थी। इस मामले में कुंडा थाना में चार अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई थीं, जिनमें 14 नामजद और 25-30 अज्ञात आरोपियों को शामिल किया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर तीन संदिग्ध आरोपियों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। हालांकि, पुलिस फिलहाल इस मामले में ज्यादा जानकारी देने से बच रही है। सूत्रों के मुताबिक, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी संभव है।

## हाथियों की चपेट में आने से एक की मौत

रामगढ़(ईएमएस)।रामगढ़ के रजरप्पा में जंगली हाथियों का आतंक इन दिनों जोरों पर है। इसका प्रमाण बुधवार को कोईहारा गांव में उस वक्त देखने को मिला जब गजराज ने एक 60 साल के बुजुर्ग को मौत के घाट उतार दिया। मृतक की पहचान मेघनाथ मुंडा के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलने पर रामगढ़ जिप अध्यक्ष सुधा देवी ने घटना के चश्मदीद गोपाल चौधरी के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। उन्होंने वन विभाग को तुरन्त इसकी सूचना दी जिसके बाद वन विभाग के लोग घटना स्थल पहुंचकर मृतक के परिजनों को तत्काल मुवावजे के रूप में 25 हज़ार रुपये नगद दिया है। घटनाक्रम के अनुसार आज सुबह अचानक गांव में जंगली हाथियों का झुंड आ धमका, इस दौरान मृतक मेघनाथ अपने मवेशियों के लिए पत्ता लाने बाहर निकला था। हाथियों के झुंड को देखकर वह भागने लगा और वह एक हाथी के चपेट में आ गया, हाथी ने उसके सिर को कुचल दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी ने बताया कि मैंने खुद घटना स्थल पर जाकर निरीक्षण किया है और वन विभाग के अधिकारियों को बुलाकर मुआवजे की राशि दिलवाई है और बाकी की राशि भी उन्हें जल्द ही मिल जाएगी।

## समिति की बैठक में लिया गया निर्णय, आपसी समन्वय से होगी छापेमारी

**पलामू ।** डालटनगंज के सर्किट हाउस में बुधवार को अंतरराज्यीय समन्वय समिति की बैठक हुई। इसमें पलामू और औरंगाबाद के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में आगामी पर्व-त्योहार, नगर निकाय चुनाव, बिहार विधानसभा आम चुनाव, सीमावर्ती क्षेत्रों में मादक पदार्थ, शराब, स्प्रीट, आग्नेयास्त्र आदि प्रतिबंधित सामग्री-वस्तुओं की आवाजाही, नक्सली गतिविधि, ओवरलोड और बिना चालान बालू, पत्थर एवं अन्य खनिजों का परिवहन, नक्सली गतिविधियों आदि की रोकथाम को लेकर कड़े कदम उठाते हुए आपसी समन्वय से छापेमारी अभियान चलाकर कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। दोनों जिलों के जिलाधिकारियों की ओर से संयुक्त अभियान चलाकर अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने का दिया गया। पलामू के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और औरंगाबाद जिले जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में संयुक्त अभियान चलाया जाएगा। होली के पूर्व तक अवैध शराब, स्प्रीट को लेकर संयुक्त अभियान चलाकर प्रतिबंध लगाने के लिए सक्रिय तथा सकारात्मक प्रयास किये जाएंगे।

## ट्रेन में छुटा बैग को आरपीएफ ने किया बरामद, सौपा

मंडरो प्रखंड में मनरेगा विभाग के कर्मी सुमन शेखर भगत का फाइल व लैपटॉप और जरुरी कागजात से भरा बैग बुधवार की सुबह मालदा जमालपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस में छुट गया था.मिर्जाचौकी रेलवे स्टेशन में उतरे सुमन शेखर भगत के द्वारा मिर्जाचौकी के उप स्टेशन प्रबंधक राजीव कुमार को इसकी सूचना दिये.जहां राजीव कुमार के द्वारा पीरपैंती स्टेशन प्रबंधक सहित आरपीएफ के स्टाफ को जब इसकी सूचना मिली तो पीरपैंती स्टेशन के आरपीएफ के द्वारा इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन से बैग बरामद कर लिया.वहीं सुमन शेखर भगत को पीरपैंती स्टेशन बुलाकर उनका जरुरी सामान को आरपीएफ के द्वारा सौंप दिया गया.जहां सुमन शेखर के द्वारा पीरपैंती आरपीएफ स्टाफ सहित पीरपैंती रेलवे कर्मी को धन्यवाद दिया.मौके पर बिट्टू कुमार गुप्ता मौजूद थे.

# पुलिस ने फर्जी लूटकांड का किया खुलासा, पांच शातिर अपराधी गिरफ्तार



**संवाददाता ।** सरायकेला जिले के राजनगर थाना पुलिस ने फर्जी लूटकांड का खुलासा करते हुए पांच शातिर जालसाजों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों में तीन भारत फाइनेंस के कलेक्शन एजेंट भी शामिल हैं। गिरफ्तार अपराधियों में निवारण प्रधान, वासुदेव महतो, सुदीप भगत, अरुण पुराण और विवेकानंद पातर आदि शामिल हैं।इस संबंध में बुधवार को प्रेस वार्ता कर जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि बीते वर्ष सितंबर महीने से राजनगर थाना क्षेत्र में भारत फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन एजेंटों के साथ लूट की घटनाएं हो रही थीं। हर 15-15 दिनों के अंतराल पर एफआईआर दर्ज कराई जा रही थी, जिससे पुलिस को शक हुआ। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। टीम ने जांच के दौरान तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर लूटकांड का खुलासा किया । उन्होंने बताया कि लूट की घटनाएं पूरी तरह फर्जी थीं और इसमें कंपनी के ही कलेक्शन एजेंट शामिल थे।एसपी ने बताया कि कलेक्शन एजेंट ही अपराधियों को किराए पर हायर करते थे और उन्हें लोकेशन मुहैया कराते थे। फिर ये एजेंट खुद को लूट का शिकार बताकर पुलिस में एफआईआर दर्ज करा देते थे। किराए के अपराधियों को प्रत्येक घटना के लिए 10-10 हजार रुपए दिए जाते थे, जबकि लूटे गए पैसों को आपस में बांट लिया जाता था। कलेक्शन एजेंटों की मिलीभगत के कारण इस कांड का उद्भेदन नहीं हो पा रहा था। लेकिन एसआईटी की सटीक जांच और रणनीति से इस पूरे गिरोह का पर्दाफाश हो गया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों के पास से बायोमेट्रिक डिवाइस, हाउसिंग सर्वेक्षण वितरण के फॉर्म, भारत फाइनेंस कंपनी की कलेक्शन शीट, जला हुआ टैब, चाकू, दो मोटरसाइकिल, बायोमेट्रिक बैग, दो टैब और 7600 रुपए नगद बरामद किया है।एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने एसआईटी की पूरी टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि क्या इस गिरोह ने अन्य स्थानों पर भी इसी तरह की घटनाओं को अंजाम दिया है।

## सांसद ने किया के कई गांवों का दौरा

**चतरा।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर जनता की समस्याओं से रूबरू हुए। क्षेत्र में पहुंचने पर स्थानीय कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया।सांसद ने सर्वप्रथम गिद्धौर के पर्यटन स्थल बल बल पहुंचे। वे प्राचीन मां बागेश्वरी मंदिर में दर्शन किए और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद वे पत्थलगडा के मेराल गांव पहुंचे। वे विद्यालय का निरीक्षण किया और बच्चों की शिक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने उत्क्रमित मध्य विद्यालय चोपे का दौरा कर विद्यालय की स्थिति को परखा और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।जनसमस्याओं को लेकर सांसद श्री सिंह नावाटांड, बिरहु और शिला गांव भी पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद किया। लोगों ने उन्हें अपनी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इनमें बिजली, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी परेशानियां प्रमुख रहीं। सांसद ने आश्वासन दिया कि वे इन मुद्दों को जल्द से जल्द संबंधित विभागों तक पहुंचाकर समाधान सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा ही उनका मुख्य लक्ष्य है और वे क्षेत्रवासियों के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, बिन्देश्वरी यादव, ईचाक मुखिया सुरेश कुमार महतो, श्रीकांत बाबू , अशोक वर्मा सहित अन्य सम्मानित लोग मौजूद थे।

## छात्र की पिटाई मामले की शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने की जांच

**खूंटी।** खूंटी प्रखंड के बगडू गांव में संचालित मॉडल स्कूल में कक्षा सात के छात्र की शिक्षक अशरफ परवेज की ओर से बेरहमी से की गई पिटाई के मामले की जांच करने के लिए मंगलवार को शिक्षा विभाग के अधिकारी स्कूल पहुंचे और पूरे मामले की जांच की। जांच के बाद विभाग को मारपीट मामले की सच्चाई पता चला। अधिकारियों को बताया गया कि मॉडल स्कूल में छात्र मोबाइल फोन लेकर जाते हैं, जिस पर लगाम लगाने के लिए स्कूल प्रशासन सख्त कदम उठाता है। इसी दौरान एक शिक्षक ने कक्षा सात के छात्र को अपने मोबाइल पर नागपुरी वीडियो देखते हुए देखा। इससे आक्रोशित शिक्षक अशरफ ने छात्र की बेरहमी से पिटाई कर दी थी। इससे उसके शरीर पर कई जख्म हो गए। छात्र ने अपने परिजनों के साथ थाने में शिक्षक के खिलाफ लिखित शिकायत की तथा सदर अस्पताल में इलाज कराया। घटना की जानकारी मिलने पर मंगलवार को जिला शिक्षा अधीक्षक अभय कुमार शील ने अस्पताल जाकर पीड़ित छात्र से घटना की जानकारी ली थी। बुधवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी, डीएसई अभय शील तथा एडीपीओ प्रदीप रवानी ने मॉडल स्कूल जाकर पूरे मामले की जांच की।

## जनता को चांदी के मुकुट पहनने लायक बनाएं हेमंत : रमाकांत

**रांची ।**भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन के चांदी का मुकुट पहनने और उनके आचरण पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा है कि आंदोलन को बेचने वाला झामुमो और झारखंड अलग राज्य का विरोधी दलों के सहयोग से बने मुख्यमंत्री बार-बार खदान बंद करने और आर्थिक नाकेबंदी की गीदड़ भभकी देकर प्रदेश में अराजकता फैलाने का काम कर रहे हैं।महतो ने बुधवार को कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की जनता को भी चांदी का मुकुट पहनने लायक बनाएं।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री प्रति व्यक्ति के आय में उत्तरोत्तर वृद्धि हो इसके लिए लोक कल्याणकारी योजनाओं को भ्रष्टाचार की भेंट न चढ़ाकर धरातल में उतारने का काम करें। गांडेय उपचुनाव के दौरान भी जेएमएम से प्रत्याशी मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन ने जनसभा में हुंकार भरते हुए कहा था कि हम राजा थे, राजा हैं और राजा रहेंगे। वह अब चरितार्थ होता दिख रहा है।महतो ने कहा कि हेमंत सोरेन सामंतवादियों और झारखंड विरोधियों से घिरे हुए हैं। इसलिए सामंतियों की भाषा बोल रहें हैं, जबकि झामुमो और दिशोम गुरु शिबू सोरेन की बुनियाद सूदखोरी और सामन्तवादियों के खिलाफ था। उन्होंने कहा कि राजद ने कहा था कि उनकी लाश पर झारखंड बनेगा उन्हीं की गोद में बैठकर हेमंत सोरेन सरकार चला रहे हैं और बड़ी-बड़ी डींगें हांक रहें हैं। धरातल पर कोई काम नहीं हो रहा है और राज्य में केवल लूट,भ्रष्टाचार का आतंक मचा हुआ है।

## शारदा पीठ के शंकराचार्य सदानंद सरस्वती पहुंचे बाबा बैद्यनाथ धाम



**देवघर।** द्वारका शारदा पीठ के शंकराचार्य सदानंद सरस्वती आज बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके आगमन से देवघर में भक्तों और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया।मंदिर परिसर में शंकराचार्य के स्वागत के लिए विशेष तैयारियां की गई थीं।उन्होंने सभी से सत्य, धर्म और सेवा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। शंकराचार्य जी के साथ उनके अनुयायी और कई संत-महात्मा भी उपस्थित थे। मंदिर प्रबंधन ने उनके आगमन को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तों ने भी मंदिर पहुंचकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और शंकराचार्य का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## हेमंत ही कर सकते हैं राज्य का विकास : समीर



**रांची ।** बजट पर वाद विवाद में भाग लेते हुए बुधवार को झामुमो के विधायक समीर मोहंती ने कहा कि विपक्ष केवल धर्म के नाम पर लोगों को विचलित करने का प्रयास करता है। विपक्ष कभी राम मंदिर के नाम पर तो कभी प्रयागराज के नाम पर लोगों को बरगला रहा है, जबकि वह जानता है कि हेमंत सोरेन ही झारखंड का विकास कर सकते हैं। यही वजह है कि पिछले पांच वर्षों में भाजपा के आचरण में सुधार हुआ है।उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री को काफी विचलित करने की कोशिश की गई। कभी ईडी के जरिए तो कभी सीबीआई के नाम पर परेशान किया गया। इस बीच पर भाजपा के विधायक मनोज यादव ने स्पीकर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि सदन में बजट पर चर्चा हो रही है और वित्त मंत्री सदन में मौजूद

## भाजपा शासन में कई स्कूल हुए बंद : कल्पना



झामुमो की विधायक कल्पना सोरेन ने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी सरकार में कई सरकारी स्कूलों को बंद करा दिया गया। इसपर भाजपा के विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि राज्य में कस्तूरबा विद्यलायों में लड़कियां स्कूल छोड़ रही हैं। इन स्कूलों में लड़कियों के लिए न तो शौचालय की व्यवस्था है और न ही नैपकिन दिया जा रहा है।

## बजट के आकार को वास्तविक रखना चाहिए : सरयू



जदयू के विधायक सरयू राय ने कहा कि वित्त मंत्री को बजट भाषण को पूर्व के खर्चों का विश्लेवषण प्रस्तुत करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि सरकार को बजट के आकार को वास्तविक रखना चाहिए। बजट के आकार को बढ़ाकर वाहवाही नहीं लूटनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा लगता है कि इतनी बड़ी राशि में से सरकार एक लाख 10 हजार करोड़ से अधिक नहीं खर्च कर पाएगी। सरयू ने कहा कि केंद्र सरकार से अधिक पैसा लेने के लिए सरकार दिल्ली में अच्छे अफसरों को रखे जो लाइजनिंग कर केंद्र से पैसा ले सकें।

## बजट में युवाओं के लिए कोई प्रावधान नहीं : जयराम



विधायक जयराम महतो ने कहा कि बजट में राज्य के युवाओं के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसा युवा जो दस बाई दस के रूम में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता है ऐसे युवा इस बजट से हार गए। उन्होंने कहा कि पूरे बजट की राशि में से 9.5 प्रतिशत राशि अकेले मंईयां योजना के लिए दी गई है। जयराम ने कहा कि किसानों को सिंचाई उपकरणों की जगह सरकार उन्हें सिंचाई की सुविधा दे। उन्होंने कहा कि डैमों का पानी उद्योग इस्तेमाल कर रहे हैं इस पानी को सरकार खेतों तक पहुंचाए। उन्होंने कहा कि विदेशों में काम करने गए राज्य के हजारों प्रवासी मजदूरों को इस बजट से काफी उम्मीदें थी, लेकिन उनके लिए कोई घोषणा नहीं की गई।

## 1974 में बनी सड़क की स्थिति जर्जर : निर्मल

आजसू के विधायक निर्मल महतो ने कहा कि उनके क्षेत्र में वर्ष 1974 में बनी सड़क कुजू-नया मोड़-गिददी की स्थिति जर्जर है। बजट में इसके निर्माण को लेकर कोई घोषणा नहीं है। साथ ही कहा कि उनके क्षेत्र से 40 हजार लोग रोजगार के लिए पलायन कर गए हैं। वहीं कांग्रेस के विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि बजट के जरिए सरकार ने सभी वर्गों को छूने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि सरकार बजट में पर्यटन क्षेत्र पर विशेष बल दिया है। इससे इन क्षेत्रों के युवा आत्म निर्भर बनेंगे।

## स्कूलों में लिखे हरिजन शब्द को हटाएं : मथुरा

झामुमो के विधायक मथुरा महतो ने कहा कि राज्य के कई सरकारी स्कूलों के नामों के आगे अभी भी हरिजन शब्द लिखा हुआ है उसे ठीक कराने की जरूरत है। इस पर वित्त मंत्री ने ठीक करने का आश्वासन दिया। वाद-विवाद में झामुमो के विधायक जगत मांझी और लोजपा के विधायक जनार्दन पासवान सहित अन्य सदस्यों ने हिस्सा लिया। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही गुरुवार की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

## नवनियुक्त झामुमो जिला अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का कार्यकर्ताओं किया स्वागत



**हिरणपुर ( पाकुड़ ) ।** अजीजुल ईस्लाम व समद अली को जिला अध्यक्ष एवं जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर हिरणपुर एवं पाकुड़ के कार्यकर्ताओं में हर्षोल्लास का माहौल है। इस खुशी में झामुमो के पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य शाहिद इक़बाल, झामुमो नेता बिकास साहा एवं पूर्व नगर अध्यक्ष मनोज ठाकुर ने आवास पहुँचकर पुष्पगुच्छ देकर उन्हें सम्मानित किया और शुभकामनाएँ दी । कार्यकर्ताओं ने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताया।इस दौरान जिला उपाध्यक्ष भी उनके आवास में बुके देकर शुभकामनाए दी एवं आभार प्रकट किया।

## टीम ने लिया स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा



**हिरणपुर (पाकुड़ )।**राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन की दो सदस्यीय टीम ने बुधवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर बड़तल्ला का निरीक्षण किया। टीम में गोरखपुर से डॉक्टर प्रशांत अस्थाना व हिमाचल के शिमला से डॉक्टर अश्वनी कुमार मौजूद थे। उनके साथ सीएस मंटू टेबरीवाल सहित अन्य डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। टीम के सदस्यों ने बारी-बारी से ओपीडी, लेबर रूम आदि कक्ष का निरीक्षण कर लोगों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधा की जानकारी ली। इसके अलावा अन्य कार्यक्रम जो विभाग की ओर से चलाएं जा रहे उसकी भी जानकारी विस्तार रूप से ली गई। गुरुवार को टीम तारापुर केंद्र का निरीक्षण करेगी। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह के अलावे अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## पार्किंग विवाद को लेकर हिंसक झड़प

**दुमका।** शहर के गांधी मैदान में पार्किंग विवाद को लेकर दो पिकअप चालकों के बीच हिंसक झड़प हुई, जिसमें एक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। रिपोर्ट्स के अनुसार एक चालक ने खड़ी गाड़ी को बार-बार धक्का दिया, जिससे मामला हाथापाई में बदल गया। घटना के दौरान विवेक गुप्ता नामक चालक को गंभीर चोटें आईं और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और एक आरोपी को हिरासत में लिया।प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि दोनों पक्षों के बीच पहले से तनाव था, जिसके कारण झड़प हुई।

## जीव के उद्धार का कारक है श्रीमद्भागवत महापुराण : मुकेश



**गोड्डा संवाददाता ।** कलिकाल में श्रीमद्भागवत कथा ही जीव के उद्धार का कारक है। श्रीमद्भागवत महापुराण समस्त वेदों का सार है। इसकी कथा को श्रवण करने से इहलोक व परलोक दोनों सुधर जाता है। इसीलिए इस कथा का श्रवण करने को देवता भी लालायित रहते हैं। कलिकाल के आगमन के समय ही राजा परीक्षित को कलयुग के कोप का भाजन बनना पड़ा था। राजा परीक्षित कलियुग को सोना, वेश्यालय, मदिरालय आदि स्थानों में रहने की आज्ञा दी। इसके बाद राजापरीक्षित के स्वर्ण मुकुट में कलियुग बैठ गया और राजा की मति को फेर दिया। उक्त बातें बसंतराय प्रखंड के महेशपुर गांव में नरसिंह झा की अगुवाई में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दौरान कथा वाचक मुकेश झा ने कही। उन्होंने कहा कि साधना लीन महात्मा के अपहास के कारण श्रापित होना पड़ा। श्रृंगी ऋषि ने बाल्यकाल में ही राजा को पांचवें दिन तत्क्षक नाग के डंसने से मृत्यु होने का श्राप दे दिया।

## सीएस ने किया स्वास्थ्य उपकेंद्रो का औचक निरीक्षण

**साहिबगंज ।** सिविल सर्जन डॉ प्रवीण कुमार संथालिया ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियों के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर मदनशाही, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालझारी के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर भगियामारी , करणपुरातो एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालझारी का औचक निरीक्षण किया .निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन ने ओपीडी रजिस्टर, उपस्थिति पंजी, वार्ड एवं अस्पताल में साफ - सफाई को देखे. निरीक्षण के दौरान कुछ स्वास्थ्य कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए जिसे देख सिविल ने रोष प्रकट किए और सभी अनुपस्थित कर्मचारियो से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिए की किन परिस्थितियों में आपलोग अनुपस्थित थे. सिविल सर्जन ने उपस्थित चिकित्सा पदाधिकारी एवं पारामेडिकल कर्मियों को आवश्यक दिशा - निर्देश देते हुए समय पर ड्यूटी आकर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने की बात कही साथ ही एमडीए पर्यवेक्षक को एमडीए से सम्बंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए और जहाँ जहाँ दवा बाँटा गया है वहाँ पर पुनः क्षेत्र भ्रमण करके दवा अपने सामने खिलवाने की बात कही.मौके पर सीएचओ , एएनएम, एवं सभी स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे.

## दो मोटरसाइकिल के बीच हुई भिड़ंत,एक महिला सहित दो घायल

साहिबगंज -जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के आजाद नगर मोहल्ला में बीती रात दो मोटरसाइकिल के बीच हुई भिड़ंत की घटना में एक मोटरसाइकिल पर सवार एक महिला सहित दो लोग घायल हो गए .हालांकि महिला को आंशिक रूप से चोटे लगी है. जबकि मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया. स्थानीय लोगों ने घायल व्यक्ति को इलाज के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल लेकर पहुंचा. जहां चिकित्सक डॉ मुकेश कुमार ने घायल व्यक्ति का इलाज प्रारंभ कर दिय. मिली जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति 40 वर्षीय विनय कृष्णा प्रसाद है. विनय कृष्ण प्रसाद का दाहिना पैर गंभीर रूप से जख्मी हो गया है. और दाहिना हाथ में भी चोटे लगी है. घटना के संबंध में घायल विनय ने बताया कि मैं मोटरसाइकिल से अपना घर जा रहा था.इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल ने हमें धक्का मार कर फरार हो गया.

## विषैला पदार्थ खाने से महिला की हालत बिगड़ी

**साहिबगंज ।** साहिबगंज नगर के रसूलपुर दहला मुहल्ला में बुधवार की सुबह विषैला पदार्थ खा लेने से 25 वर्षीय महिला की हालत बिगड़ गई .हालात बिगड़ते देख परिवार वालों ने आनन-फानन में महिला को इलाज के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल में भर्ती कराया. जहां चिकित्सक ने महिला का इलाज प्रारंभ कर दिया .मिली जानकारी के अनुसार महिला रसूलपुर दहला निवासी अनिल दास की 25 वर्षीय पत्नी जूली देवी है .घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि बच्चों को लेकर जूली देवी को उनकी सास ने डाटी थी. इसी बात पर गुस्से में आकर जूली देवी ने धतूरा का बीज खा ली. जिसके कारण उनकी हालत बिगड़ने लगी तो हम लोगों ने उसे इलाज के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल में भर्ती कराएं है. बरहाल जूली देवी का इलाज साहिबगंज सदर अस्पताल में चल रहा है.

## छः दिवसीय पीयर एजुकेटर प्रशिक्षण शुरू

**साहिबगंज ।** साहिबगंज नगर के पुराना सदर अस्पताल परिसर मे जिला स्वास्थ्य विभाग के द्वारा बुधवार से छः दिवसीय पीयर एजुकेटर साथी प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया.प्रशिक्षण मे पहले दिन प्रशिक्षक सह एएनएम रंजना मालतो एवं मीना सिंह के द्वारा सदर प्रखंड के महादेवगंज गांव के 10 से 19 वर्ष आयु के 40 किशोर व किशोरियों को मेरी भूमिका और जिम्मेदारी,पीयर एजुकेटर के रूप मे आपकी भूमिका, किशोरावस्था मे बदलाव एवं पोषण और स्वास्थ्य संबंधित जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई.प्रशिक्षण 5 फरवरी से 12 फरवरी तक चलेगा.मौके पर प्रशिक्षक रंजना मालतो एवं मीना सिंह के अलावे महादेवगंज गांव के किशोर व किशोरियां उपस्थित थे.

## डीसी ने किया अनुमंडल पुस्तकालय का निरीक्षण

**साहिबगंज ।** डीसी हेमंत सती ने बुधवार को पोखरिया मुहल्ला स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल परिसर मे स्थित अनुमंडल पुस्तकालय का निरीक्षण किया.निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुस्तकालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों, साफ-सफाई एवं बैठने की व्यवस्था की जानकारी ली.उन्होने लाइब्रेरी में अध्ययनरत विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं. उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में आवश्यक संसाधनों की कमी को जल्द पूरा किया जाएगा. ताकि विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण मिल सके.उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पुस्तकालय में नियमित साफ-सफाई और सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं.

## होली एवं ईद पर विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत : एसडीपीओ

**साहिबगंज ।** एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने आपने कार्यालय कक्ष में बुधवार को मासिक अपराध गोष्ठी की. अपराध गोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अपराध पर नियंत्रण एवं विधि व्यवस्था बनाएं रखने, थाना क्षेत्र में विशेष चौकसी बरतते हुये सतर्क रहना है.मुख्य रूप से होली एवं ईद को लेकर पुलिस को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है. रिवर थाना प्रभारी लव कुमार को थाना क्षेत्र में विशेष चौकसी बरतने की बात कही. साथ ही सभी थानेदारों को क्राइम कंट्रोल से संबंधित कई दिशा निर्देश दिए. गोष्ठी में लंबित कांडों की समीक्षा की. साथ ही कांडो के त्वरित निष्पादन पर जोर दिया गया. मौके पर राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर, महिला थाना प्रभारी पूजा कुमारी, तालझारी थाना प्रभारी अमर मिंज, राधानगर थाना प्रभारी, रीडर राज कुमार उपस्थित थे.

## सेवा निवृत्त शिक्षकों को दी विदाई



**साहिबगंज।** जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय में बुधवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों से हुए सेवानिवृत हुए शिक्षकों के सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया.समारोह मे कुल 23 शिक्षक एवं शिक्षिका को भावभीनी विदाई दी गईं. समारोह मे कुल 14 सेवानिवृत शिक्षक बेबी रानी पाल, रामबिलास सिंह, अशोक कुमार झा,मो नईमुद्दीन, द्रोपदी कुमारी, मो अतिकुर रहमान, गौतम हाजरा, हरिहर प्रसाद, विजय कुमार साह, हेमंत कुमार राय, दिलीप रमानी,लताफत हुसैन,रविन्द्र कुमार झा, विजय कुमार चौधरी को मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष ने शाल ओढ़ा कर एवं पुष्प माला पहनाकर भावभीनी दी. डीएसई ने कहा आप एक राष्ट्र निर्माता हैं. मैं भी एक शिक्षक पुत्र हूं.समाज के निर्माण में आपकी क्या भूमिका रही हैं.मैं अच्छी तरह जानता हूं.आपने मेहनत कर शिक्षा क्षेत्र में बच्चों को देश के उच्च पद पर उन्हें पहुंचने का काम किया है. वे बच्चे जब आपसे मिलेगे जब आपको सम्मान करेंगे तो आप एहसास करेंगे की मैने समाज को कुछ दिया.उन्होने सभी को स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी. मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष सहित कार्यालय कर्मी मौजूद थे.

# साहिबगंज मे बढ़ा कुत्ता,बिल्ली व बंदर का आतंक,220 लोगो को बनाया शिकार

**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज**

**साहिबगंज ।** साहिबगंज मे इन दिनों आवारा कुत्ता बिल्ली एवं बंदर का आतंक काफी बढ़ गया है. जिसके कारण नगर वासी परेशान है. मिली जानकारी के अनुसार साहिबगंज शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि रात तो रात दिन में भी लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं मिली अस्पताल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार साहिबगंज सदर अस्पताल में फरवरी माह मे कुत्ता, बिल्ली व बंदर के काटने से घायल हुए कुल 220 लोग पहुंच कर अपना इलाज करवाया और एंटीरेविज की वैक्सीन ली. सदर अस्पताल के कर्मचारी ने बताया कि वर्तमान समय मे कुत्ता, बिल्ली के काटे की घटना मे बेतहाशा वृद्धि हुई है.इस पर अंकुश लगाने की जरूरत है.जानकारी के अनुसार फ़रवरी माह मे 186 लोगो को कुत्ता,23 लोगो को बिल्ली,08 लोगो को बंदर व 03 लोगो को अन्य जानवरो ने काटा है.सभी 220 लोगो का इलाज किया गया है एवं एंटीरेविज की वैक्सीन दी गई है.साहिबगंज नगर मे कुत्ता ने काटकर किया आठ लोगो को जख्मी साहिबगंज - साहिबगंज नगर मे आवारा कुत्तों का आंतक बढ़ गया है.गुरूवार को आवारा कुत्तों ने नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों मे 07 से पुरुष, महिला व बच्चों को काटकर जख्मी कर दिया.कुत्ता के काटने से जख्मी हुए सभी पिड़ित सदर अस्पताल पहुंकर अपना इलाज कराया व एंट्री रेविज की सुई ली. नगरवासियों ने साहिबगंज नगर परिषद से मांग किया है कि शहर में विचरण करने वाले आवारा कुत्ता पर लगाम लगाने की दिशा में ठोस कदम उठाए .इन लोगो को काटा कुत्ता






साहिबगंज - सदर अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार छोटा पंचगढ़ के 4 वर्षीय बालक अनुराग कुमार, महादेवगंज के 5 वर्षीय सुधीर कुमार , महादेवगंज के 4 वर्षीय आमना खातून, बड़ा पंचगढ़ के 31 वर्षीय सुंडा हांसदा, केलाबाड़ी पोखरिया के 8 वर्षीय अमन राज, महादेवगंज के जयंतीग्राम के 18 वर्षीय राजेश कुमार मंडल, मिर्जाचौकी के 25 वर्षीय प्रीति मुर्मू ,एवं रसूलपुर दहला की 25 वर्षीय जुली देवी. वही सभी पिड़ितो ने सदर अस्पताल पहुंच कर अपना इलाज कराया.साथ ही सदर अस्पताल में कुत्ते काटने पर दी जाने वाली एंटीरेबिज वेक्सीन ली.

## तालझारी बीबीओ ने आठ कर्मचारियों से पुछा स्पष्टीकरण

**तालझारी ।**-तालझारी प्रखंड मे संचालित अबुआ आवास, पीएम जनमन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना में मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस का सृजन अत्यंत दयनीय रहने व कार्य में शिथिलता एवं लापरवाही बरतने मामले मे बीडीओ ने पंचायत के आठ कर्मचारियों से स्पष्टीकरण के मांग की है. साथ ही अगले आदेश तक उन सभी का मानदेय स्थगित किया गया है. जिसकी जानकारी देते हुए बीडीओ पवन कुमार ने बताया कि वृंदावन पंचायत के रोजगार सेवक मनोज कुमार दुबे, पंकज कुमार जन सेवक सह आवास प्रभारी वृन्दावन शबीना परवीन, तत्कालीन रोजगार सेवक कल्याणी, स्ट्रेला मुर्मू रोजगार सेवक सह आवास प्रभारी पोखरिया प्रिय रंजन दास, रोजगार सेवक सह आवास प्रभारी सकडभंगा पंकज मोहन, रोजगार सेवक सह आवास प्रभारी सालगाछी संथालीसौरभ सुमन पंचायत सचिव सह आवास प्रभारी तालझारी एवं रेणुका रजक तत्कालीन रोजगार सेवक तालझारी को विषयक प्रासंगिक पत्र के साथ साथ भीसी एवं मौखिक रूप से लगातार निवेशित किया जा रहा था की प्रखंड अंतर्गत संचालित अबुआ आवास जन-मन , एवं पीएम आवास योजनाओं में मनरेगा अंतर्गत नियमनुसार मानव दिवस का सृजन किया जाना है.परन्तु चार मार्च के एमआईएस प्रतिवेदन के अवलोकन के अनुसार मात्र 28 प्रतिशत ही आवास योजनाओं में मानव दिवस सृजित किया जो अत्यंत ही खेदजनक है।

## डीसी ने की नगर पंचायत योजनाओं की समीक्षा बैठक



**साहिबगंज ।** डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में बुधवार को नगर पंचायत राजमहल एवं बरहरवा द्वारा संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई .बैठक में डीसी ने पिछले बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की.उन्होंने नगर पंचायतों के राजस्व वसूली की प्रगति पर विशेष जोर देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को लक्ष्यों को समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए. डीसी ने कहा कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ किया जाए.बैठक में शहरी पेयजल आपूर्ति, स्वच्छता अभियान, लंबित योजनाओं की स्थिति एवं राजस्व वसूली को लेकर विस्तृत चर्चा की गई. डीसी ने संबंधित पदाधिकारियों को लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा करने और राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए. बैठक में राजमहल नगर पंचायत के प्रशासक स्मिता किरण,बरहरवा नगर पंचायत के प्रशासक दीपक कुमार उपस्थित थे.

## सुनील यादव के नेतृत्व मे दर्जनों ग्रामीण मिले विद्युत कार्यपालक अभियंता से



**साहिबगंज।** अपनी बिजली बिल की समस्याओं के समाधान को लेकर सदर प्रखंड क्षेत्र के हर प्रसाद गांव के दर्जनों ग्रामीण जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव के नेतृत्व में बुधवार को विद्युत कार्यपालक अभियंता से उनके कार्यालय कक्ष में मिले.जिप उपाध्यक्ष ने बताया कि बीते वर्ष विभाग को आवेदन देकर विद्युत कनेक्शन लगाया गया था.वहां के ग्रामीण बार-बार उन लोगों को विद्युत उपभोक्ता बनाने की बात कहते रहे. लेकिन विभागीय अधिकारी कर्मी झांकने तक नहीं आए. मंगलवार को विद्युत विभाग की टीम अचानक गांव में पहुंचकर छापेमारी करके कई लोगों को जुर्माना लगाया और कई लोगों के खिलाफ मुफस्सिल थाना में प्राथमिक दर्ज किया गया. जो सरासर गलत है. उन्होंने विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता से वार्ता करके मांग किया कि हर प्रसाद गांव के ग्रामीण का बकाया बिजली बिल माफ किया जाए. तत्काल प्रक्रिया पूर्ण कर सभी ग्रामीणों को विद्युत उपभोक्ता बनाया जाए. गरीब किसान मजदूरों को 15 से 35 हजार तक जुर्माना किया गया है.वही वार्ड समिति सदस्य जियाउल हक ने बताया कि मंगलवार को विद्युत विभाग के टीम ने गांव में छापामारी की. वे लोग विभाग की जानकारी में ही बिजली जला रहे थे.उन लोगों ने कई बार प्रयास किया कि उन लोगों का विद्युत कनेक्शन घर में लगवा दिया जाए. लेकिन विभाग ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई थी. ग्रामीणों के आग्रह के बाद विद्युत विभाग की टीम ने छापेमारी बंद कर बुधवार को वहां के ग्रामीण को विद्युत विभाग कार्यालय आने की बात कहीं थी. विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता शंभू नाथ चौधरी ने बताया कि नियम के तहत विभाग की टीम जगह-जगह छापेमारी कर रही है. ऐसे में जो भी उपभोक्ता बिना कनेक्शन का बिजली जला रहे हैं. वे तत्काल बिजली कनेक्शन करवा ले. नहीं तो विभाग की ओर से पकड़े जाने पर वे लोग परेशानी में पड़ सकते हैं. मौके पर मो जमाल, मो सैफुल, मो अफजल, मो जलालुद्दीन शेख, मो नजीर, मो जियाउल हक, मो अब्बास अली, मो काबिल, मो असगर, मो जियाउल हक, मो बशीर सहित अन्य मौजूद थे.

## उत्पादक समूहों के आजीविका उत्पाद प्रदर्शनी मेला सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन



**साहिबगंज ।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी पलाश के तत्वावधान में बोरियो प्रखंड में प्रखंड स्तरीय उत्पादक समूहों का आजीविका उत्पाद प्रदर्शनी मेला सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण उत्पादक समूहों द्वारा निर्मित आजीविका उत्पादों के प्रदर्शन, विपणन और ब्रांडिंग को बढ़ावा देना है.मौके पर प्रखंड प्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला वित्त प्रबंधक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एवं झारखंड ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक सहित जेएसएलपीएस के बीपीएम, एफटीसी, सीसी, पीआरपी , कैडर एवं सखी मंडल की दीदी मौजूद थी. **स्थानीय उत्पादों को मिला मंच**प्रदर्शनी में कृषि उत्पाद, जैविक खाद्य सामग्री, हर्बल गुलाल, हर्बल उत्पाद, अचार, मसाले एवं अन्य स्वदेशी उत्पादों की स्टॉल लगाई गई. कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें अपने उत्पादों के विपणन के लिए मंच प्रदान करना था. उत्कृष्ट उत्पादक समूहों को किया गया सम्मानितमेले में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले उत्पादक समूहों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. यह सम्मान महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए दिया गया ताकि वे अपने उत्पादों की गुणवत्ता और नवाचार में और सुधार कर सकें.**बाजार से जोड़ने की पहल**कार्यक्रम के दौरान वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधियों ने महिला उत्पादक समूहों को विभिन्न योजनाओं और बैंकिंग सेवाओं की जानकारी दी.साथ ही उत्पादक समूहों को वित्तीय सहायता और विपणन तकनीकों की जानकारी देकर बाजार से जोड़ने की पहल की गई.

## एसडीपीओ ने किया महिला थाना का निरीक्षण

**राजमहल।** एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने बुधवार को राजमहल महिला थाना का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस पदाधिकारी व जवानो की समस्याओं से भी अवगत हुए. उन्होंने महिला थाना प्रभारी पूजा कुमारी से थाने के विभिन्न मामलों के बारे में जानकारी ली.साथ ही हर हाल में थाना क्षेत्र मे अपराधियों पर नकेल कसने का की बात कही.न्यायालय से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन करने अन्य मामलों में शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया.लंबित कांडों के समय पर निष्पादन करने दोषियों के चिन्हित कर कार्रवाई करने सहित अन्य दिशा निर्देश दिया साथ ही पुलिस के समक्ष फरियाद लेकर पहुंची महिलाओं के साथ मित्रवत व्यवहार करने की बात कही.मौके पर रीडर राजकुमार, रोजलीन मालतो उपस्थित थे।

## कस्तूरबा विद्यालय मे नामकरण के लिए बीडीओ ने की बैठक

**तालझारी।** तालझारी प्रखंड के कस्तूरबा विद्यालय में सत्र 2025-26 के तहत बालिकाओं का वर्ग 6 में नामांकन को लेकर बीडीओ पवन कुमार के अध्यक्षता में बैठक की.जिसमें कस्तूरबा विद्यालय में वर्ग 6 में नामांकन को लेकर चर्चा किया गया. वहीं कस्तूरबा विद्यालय के वार्डन सलोनी मरांडी ने बताया कि वर्ग 6 में नामांकन के लिए कुल 384 आवेदन प्राप्त हुए हैं. जबकि सीट 75 है. जिसमें एसटी के लिए 31 सीटें, एससी के लिए 4 ,ओबीसी 16, अल्पसंख्यक के 5 एवं बीपीएल 19 सीटें हैं. उन्होंने बताया विधालय में नामांकन को लेकर बैठक कर वर्ग 6 के लिए नामांकन सीट के अनुसार किया गया है. जिसमें एसटी में 31, एससी में 4, ओबीसी में 16, अल्पसंख्यक में 5 एवं बीपीएल 19 छात्राओं का चयन किया गया है.जिसकी रिपोर्ट तैयार कर जिला को अनुमोदन के लिए भेजा गया है.जिला से अनुमोदन के पश्चात नामांकन लिस्ट जारी कर दिया जाएगा. वहीं बीडीओ पवन कुमार ने कहा कि चयन प्रक्रिया में पहाड़िया आदिम जनजाति समुदाय के छात्राएं को ध्यान में रखते हुए एसटी में 19 और बीपीएल से 15 कुल 34 पहाड़िया समुदाय के छात्राएं का चयन किया गया. इसके पश्चात भी पहाड़िया आदिम जनजाति के छात्राओं का सीट ज्यादा नहीं रहने के कारण नामांकन नहीं हो पाया. जिला पदाधिकारी को इसकी सूचना दी गई ताकि अगल-बगल के प्रखंडों के कस्तूरबा विद्यालय में बचे हुए पहाड़िया छात्राओं का नामांकन हो सके. मौके पर बीडीओ पवन कुमार, वार्डन सलोनी मरांडी एवं शिक्षिका रेशमी कुमारी मौजूद थें.

## जमीनी विवाद में भाला से महिला ज़ख्मी

**साहिबगंज।** गंगा नदी थाना क्षेत्र के सकरीगली गोपालपुर धीसु टोला में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना मे एक महिला को भाला लगने से घायल हो गई. परिजनों ने महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया.जहां चिकित्सक डा केशव कृष्णा ने महिला का इलाज प्रारंभ कर दिया.जानकारी के अनुसार घायल महिला सकरीगली गोपालपुर धीसु टोला निवासी भारती देवी है. घायल महिला अपनी जान बचाकर परिजनों के साथ गंगा नदी थाना पहुंची.जहां पुलिस ने उपचार हेतु सदर अस्पताल भेज दिया. घायल भारती ने बताई की मैं घर में थी. तभी अचानक उपेंद्र चौधरी ,सिकंदर व अन्य लोग आए और मारपीट करने लगा. इसी दौरान उपेंद्र ने भाला से मुझ पर वार कर दिया. भाला मेरे हाथ में लगी. जिससे मैं गंभीर रूप से घायल हो गई. उन लोगों के साथ हम लोगों का जमीनी विवाद चल रहा है.पूर्व में भी मारपीट करने को लेकर गंगा नदी थाने में आवेदन दिया था. इधर घायल महिला का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है. पुलिस मामले की छानबीन कर रही है.

## डीसी ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण



**साहिबगंज।** -जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी हेमंत सती ने बुधवार को समहरणालय स्थित ईभीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया.निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयर हाउस में रखे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा एवं प्रबंधन का जायजा लिया.निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से मूल्यांकन किया और सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट मशीनें चुनाव प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं. इसलिए उनकी सुरक्षा और रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.उन्होने वेयर हाउस में उपकरणों की उपलब्धता और सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की. साथ ही उन्होंने कर्मिंयो को नियमित अंतराल पर प्रशिक्षण प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया.मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू एवं राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधि उपस्थित थे.

## डीसी ने नगर निकाय चुनाव को लेकर मतदाता सूची विखंडीकरण कार्य का लिया जायजा

**साहिबगंज** -आगामी नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर डीसी हेमंत सती ने बुधवार को नगर परिषद कार्यालय का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान नगर निकाय चुनाव के मध्येनजर मतदाता सूची विखंडीकरण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.डीसी ने मतदाता सूची में पारदर्शिता और शुद्धता बनाए रखने का निर्देश देते हुए कहा कि मतदाता सूची में कोई त्रुटि न रह जाए. उन्होंने पदाधिकारियों को समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के लिए निर्देशित किया.साथ ही पदाधिकारियों से अब तक हुई प्रगति की जानकारी ली और नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन कार्य की बारीकी से समीक्षा की. उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए मतदाता सूची का शुद्ध होना आवश्यक है.मौके पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह मौजूद थे.

## एम.के फैजी के गिरफ्तारी के खिलाफ पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन




**साहिबगंज/बरहरवा।** -साहिबगंज जिले के पतना प्रखंड के केंदुआ बिशनपुर में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ़ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम.के फैजी को इडी के द्वारा अनुचित रूप से गिरफ्तारी किये जाने के खिलाफ सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ़ इंडिया के प्रदेश महासचिव तहमीदूर रहमान के नेतृत्व में बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया गया.प्रदेश महासचिव तहमीदूर रहमान ने केंद्र की भाजपा सरकार की प्रतिशोध की राजनीति एवं एसडीपीआई की आवाज को दबाने की कोशिश बताया. उन्होंने खहा कि फैजी साहब की गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित है और पार्टी को कमजोर करने का प्रयास है. जो सफल नहीं हो पाएगा. वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ़ इंडिया द्वारा की गई रैली,विरोध प्रदर्शन तथा कार्यक्रम से घबराकर इडी ने केंद्र की हुकूमत के इशारे पर यह कदम उठाई है.वहीं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उमर फारूक ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष को बिना शर्त तुरंत रिहा किया जाए अन्यथा आंदोलन और तेज होगा. प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष अब्दुस समद,शमीम अख्तर,इसहाक शेख,मोर्जेम शेख,अली हुसैन,अहसन अली,शहाबुद्दीन शेख,अब्दुल जलील,अब्दुल हादी,असगर अली,हुमायूंन शेख,अनवर अली,शराफत अंसारी सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं शामिल थे.

## जेसीबी से चारदीवारी तोड़ने को लेकर महिला ने थाने में की शिकायत

**साहिबगंज ।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के बड़ा पंचगढ़ निवासी गंगिया देवी ने बुधवार को जिरवाबाड़ी थाना पुलिस को लिखित आवेदन देकर शिकायत की.दिये आवेदन मे बताई है कि उनकी रैयती भूमि मौजा बड़ा पंचगढ़ के जमाबंदी नंबर 18 के दाग 290 में पूर्व से चारदीवारी कर मौजूद है.जिसे हड़पने के नियत से आजाद नगर निवासी रंजित मंडल व संजीत मंडल के द्वारा बुधवार को जेसीबी लगवाकर चारदीवारी को तुड़वा दिया गया.मामले को लेकर थाना प्रभारी ने न्याय का आश्वाशन दिया है.

## आग लगने से तीन घर जलकर राख

**उधवा।** राधानगर थाना क्षेत्र के उत्तरी सरफराजगंज पंचायत के बोतलू टोला गांव में दोपहर करीब एक बजे भीषण आगलगी की घटना में तीन घर जलकर राख हो गया. लगी आग मे लाखों की संपत्ति जल कर राख हो गया. स्थानीय लोगो ने बताया कि धान उबालने के दौरान आग लगी थी. नंद लाल के घर में परिवार के सदस्य दोपहर को धान उबालने रहे थे. इसी दौरान आग की चिंगारी जलावन के ढेर में जा गिरा जिससे आग तेजी से फैल गई और आग विकराल रूप धारण कर लिया.आग की लपेट और धुंआ देखकर स्थानीय लोगों में अफरा तफरा मच गई. स्थानीय लोगों आग बुझाने में जुट गए. कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका.लगी आग से नंदलाल मंडल, संजीव मंडल व अनिल मंडल के घर जलकर राख हो गया.घटना के संबंध में अग्नि पीड़ित परिवार नंदलाल मंडल ने बताया की इस घटना में घर में रखे नगदी एक लाख रुपए, घरेलू सामान, आवश्यक दस्तावेज, अनाज अगलगी की भेंट चढ़ चुका है. वही संजीव मंडल ने बताया कि घटना में नगदी दो लाख, एक हीरो कंपनी की डीलक्स बाइक,घरेलू सामान,आवश्यक दस्तावेज सहित अनाज कपड़ा जलकर राख हो गया है. अनिल मंडल ने बताया कि इस वर्ष घर बनवाने के लिए एक मोटा रकम जुगाड़ रखा था,जो इस घटना से वे पूरी तरह बर्बाद हो चुके है सारा घरेलू सामान,कागजात, अनाज आग की भेंट चढ़ चुका है. वही घटना के बाद अग्नि पीड़ित परिवार खुले आसमान में रहने को विवश है. पीड़ित परिवार ने अंचल प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है.गर्मी के दिनों में आए दिन आगजनी की घटना बढ़ जाती है. प्रत्येक वर्ष राधानगर थाना क्षेत्र में भीषण आगलगी की घटना घटती है.जिससे पीड़ित परिवारों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ता है. आग बुझाने के लिए पंचायतों में कोई संसाधन नही है. राधानगर थाना क्षेत्र घनी आबादी वाले क्षेत्र होने के कारण आग बुझाने के लिए दमकल वाहन तक की व्यवस्था नही है. राधानगर में एक दमकल वाहन थी जो कुछ महीनों से राजमहल में है. कई बार दमकल वाहन समय पर नही पहुंचने के कारण आगलगी से भारी क्षति पहुंचती है.

## रामनवमी मेला कमिटी का गठन



**बरहरवा।** पतना प्रखंड के बिंदुधाम मंदिर प्रांगण में बुधवार को पतना प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी कुमार देवेश द्विवेदी की अध्यक्षता में बिंदुधाम रामनवमी मेला महोत्सव के सफल आयोजन हेतु मेला आयोजक कमिटी का गठन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया.पतना व बरहरवा सहित स्थानीय सैकडो ग्रामीणों की उपस्थिति में सर्वसहमति से रामनवमी मेला कमिटी का गठन व विस्तारीकरण किया गया.जिसमें मेला संरक्षक के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल,बरहरवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नितिन खंडेलवाल,पतना बीडीओ सह अंचलाधिकारी कुमार देवेश द्विवेदी,रांगा थाना प्रभारी अखिलेश कुमार, बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह व दिनेश कर्मकार को चयनित किया गया. वहीं रामनवमी मेला प्रभारी के रूप में विशाल दास सह मेला प्रभारी गोविंदा मुर्मू ,स्वयं सेवक प्रभारी रोहित टुडू एवं कोषाध्यक्ष जय सोरेन को चयनित किया गया. है.इस दौरान पतना बीडीओ कुमार देवेश द्विवेदी ने निर्देश दिया कि मेले में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न घटित हो इसके लिए मेला कमिटी पूर्ण रूप से तैयारी में जुट जाएं.मेले में शराब इत्यादि की बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी.पकड़े जाने पर उचित कार्यवाही की जाएगी.मौके पर बिंदुधाम मंदिर कार्यकारी अध्यक्ष शक्तिनाथ अमन सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे.

## शेयर बाजार की गिरावट रोकने सेबी पर भरोसा जगाना होगा

5 महीने से ज्यादा हो गए, शेयर बाजार में निरंतर गिरावट देखने को मिल रही है। पिछले कुछ सालों में जिस तरह से शेयर बाजार का फुग्गा फुलाया गया था, पिछले 5 महीने में तेजी के साथ उसकी हवा निकल रही है। शेयर बाजार में अभी तक निवेशकों को 95 लाख करोड़ से ज्यादा का नुकसान हो चुका है। विदेशी निवेशकों ने शेयर बाजार से बाहर निकलना शुरू किया। अब देसी निवेशक भी बड़ी संख्या में शेयर बाजार से शेयर बेचकर बाहर निकल रहे हैं। छोटे-छोटे देसी निवेशकों का मोह भी बुरी तरह से भंग हुआ है। शेयर बाजार को लेकर पहली बार निवेशकों में यह धारणा बनी है। संगठित रूप से उनके साथ लूट की जा रही है। जब हिंडनवर्ग की रिपोर्ट आई थी। उस समय भारतीय शेयर बाजार की गड़बड़ियों को उजागर किया गया था। सेबी ने उसको संज्ञान में नहीं लिया। शार्ट सेलिंग के जरिए कैसे शेयर के दाम बढ़ाए जा रहे हैं। बड़ी-बड़ी कंपनियों द्वारा जिस तरह की धोखाधड़ी शेयर बाजार में की जा रही थी। इसका खुलासा हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में हुआ था। शॉर्ट सेलिंग के लिए अवैध रूप से विदेशी कंपनियों का धन शेयर बाजार में अवैधानिक रूप से लगाया गया था। इसका खुलासा होने के बाद सेबी ने कोई जांच नहीं की। सुप्रीम कोर्ट ने भी जांच में लीपापोती करके मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। जिसके कारण विदेशी निवेशकों का रुझान भारतीय शेयर बाजार से उठने लगा। केंद्र सरकार द्वारा भारतीय शेयर बाजार में निवेश के लाभ पर जिस तरीके से लॉन्ग टर्म और शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन की वसूली की जा रही है, उसने भी निवेशकों का आकर्षण भारतीय शेयर बाजार से कम कर दिया है। भारतीय शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो के निवेशकों पर टैक्स लगता है। कई देशों में इस तरह का टैक्स नहीं है। जिसके कारण कैपिटल गैन के कारण विदेशी निवेशकों का पलायन भारतीय शेयर बाजार से अन्य देशों के शेयर बाजार में निवेश होना शुरू हो गया है। पिछले 5 महीने में विदेशी निवेशकों ने 3 लाख करोड रुपए की बिकवाली की है, जिसके कारण नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में 15 फीसदी से अधिक की गिरावट आई है। कंसल्टेंसी और एकाउंटिंग से जुड़े अर्थशास्त्रियों का मानना है कि टैक्सेशन के कारण विदेशी निवेशकों का मोह भारतीय शेयर बाजार से भंग हो गया है। देसी निवेशक भी कैपिटल गेन टैक्स क़ी वसूली से नाराज हैं। भारतीय निवेशक शेयर बाजार से निवेश निकालकर सोने और चांदी में निवेश कर रहे हैं। जिसके कारण बाजार में लगातार बिकवाली और गिरावट देखने को मिल रही है। अर्थ विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार को विदेशी निवेशकों से कैपिटल गेन टैक्स की वसूली का प्रावधान तुरंत समाप्त करना चाहिए। 2024 के बजट में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा कैपिटल गेन टैक्स की दर ढाई फ़ीसदी से लेकर 5 फीसदी तक बढ़ा दिया गया था। बाजार नियामक संस्था सेबी की कार्यप्रणाली पर निवेशकों का भरोसा खत्म हो गया है। सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच के ऊपर बड़े गंभीर आरोप हैं। वह जेपीसी के सामने प्रस्तुत नहीं हुई। केंद्र सरकार के संरक्षण और आरोपों की जांच नहीं होने से निवेशकों का विश्वास शेयर बाजार मे नही रहा। हाल ही में वित्तीय संस्थाओं द्वारा शेयर बाजार की गिरावट रोकने के लिए निवेश किया गया। वह बाजार में कुछ ही घंटे के अंदर बाहर निकल गया। निवेशकों के बीच बाजार से निकलने की होड़ लगी हुई है। शेयर बाजार से जुड़े निष्पक्ष अर्थशास्त्रियों का कहना है, सरकार को सेबी की कार्य प्रणाली को पारदर्शी बनाना होगा।

# धनंजय मुंडे के इस्तीफे से आया महाराष्ट्र की राजनीति में तूफ़ान

**अशोक भाटिया**

महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे का इस्तीफा राजनेताओं और अपराधियों की मिलीभगत का जीवंत व ताजा उदाहरण है। यह सांठगांठ इस हद तक है कि धोखाधड़ी, कमिशनखोरी, रंगदारी वसूली, मारपीट और हत्याओं तक बात पहुंच जाती है। आरोपों से लगता है कि धनंजय शायद इसी जाल में फंसे हैं। बीड़ जिले के मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या इसी कड़ी का हिस्सा है। इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी वाल्मिक कराड और उनके गिरोह के साथियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। उनसे अपनी करीबी कबूल कर धनंजय भी गिरफ्त में आ गए।धनंजय मुंडे महाराष्ट्र सरकार में खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग संभाल रहे थे. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंत्री पद से इस्तीफा देने को कहा था. इस घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए फडणवीस ने कहा, 'महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे ने आज अपना इस्तीफा दे दिया है. मैंने इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और आगे की कार्रवाई के लिए इसे राज्यपाल के पास भेज दिया है.'

यहां बीड़ जिले में स्थित मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की पिछले साल दिसबंर में बड़ी निर्ममता से हत्या कर दी गई थी. इस मामले में मुंडे के करीबी वाल्मिक कराड को को गिरफ्तार किया गया है. इस हत्याकांड की कुछ चौंकाने वाली तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें साफ दिखायी दे रहा है कि सरपंच को कैसे पहले निर्वस्त्र किया गया. फिर उन्हें बेरहमी से पाइप और दूसरे हथियारों से पीटा गया.एक तस्वीर में दिख रहा है कि सरपंच देशमुख अधमरी हालत में पड़े हुए, तब उन पर आरोपी सुदर्शन घुले ने पेशाब भी किया गया. इस मामले में मुख्य आरोपी वाल्मीकी कराड एनसीपी नेता और मंत्री धनंजय मुंडे का खास आदमी बोला जाता है.

इस मामले में कांग्रेस विधायक और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय वडेट्टीवार ने हत्याकांड से जुड़ी तस्वीरें शेयर करते हुए महायुति सरकार पर सवाल उठाए हैं. उन्होंने आरोप लगाया है कि 'बीड कांड में हैवानों की ये तस्वीरें और वीडियो पिछले 2 महीने से राज्य के गृह मंत्री, उपमुख्यमंत्री के पास थीं. और फिर भी आपने धनंजय मुंडे का इस्तीफा न लेकर नैतिकता की हत्या कर दी!'उन्होंने आरोप लगाया कि 'पुलिस स्टेशन में सीसीटीवी बंद करने के बाद वाल्मिक कराड को पुलिस हिरासत में सभी पांच सितारा सुविधाएं दी गईं. ये सब क्यों? जहां महागठबंधन के मंत्री धनंजय मुंडे के खासमखास और उनके बिना इस मंत्री का पन्ना नहीं हिलता, वहीं हैवान वाल्मीक कराड और उनके साथियों पर गृह मंत्री, उपमुख्यमंत्री और पुलिस का लाड़-प्यार था.पूरे महाराष्ट्र को गुस्सा दिलाने वाली संतोष देशमुख की हत्या की तस्वीर अब महाराष्ट्र के सामने आ गई है. लेकिन इस सरकार ने धनंजय मुंडे का इस्तीफा स्वीकार करने की हिम्मत नहीं दिखाई. इस्तीफा देने में बहुत देर हो चुकी है, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को अब इस्तीफा दे देना चाहिए!'गौरतलब है कि इतने लंबे समय तक, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अजीतदादा पवार के वाहन के साथ एकजुट एनसीपी की राजनीतिक चुनौती को कुचलने की कोशिश की। एनसीपी विभाजित थी। भाजपा की रणनीति सफल रही। अब भाजपा अजितदादा और उनकी एनसीपी के अस्तित्व को कुचलने के लिए उसी बर्तन का इस्तेमाल करेगी, जिनके पैर वहां थे। मीडिया ने पहले ही संकेत दिए थे कि धनंजय मुंडे का इस्तीफा ले लिया गया था।पहला संकेत यह है कि मीडिया ने जो भविष्यवाणी की थी वह सच होने लगी है। यह अंतिम नहीं है, बिल्कुल। अब इस सरकार के माणिकराव कोकाटे इसका शिकार होंगे। एकनाथ शिंदे की शिवसेना के मंत्रियों के कुछ मामले सामने आएं तो चौंकिएगा मत।

यह एक काले पत्थर पर एक रेखा थी जिसे उन्हें उन्हें देना था। मीडिया ने कुछ समय से मुंडे को मंत्रिमंडल से हटाने की आवश्यकता व्यक्त की थी और कहा था कि यदि वह या उनके नेता अजितदादा अपने आप इस्तीफा देने के लिए तैयार नहीं हैं, तो मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा था कि मुंडे को उनका हाथ पकड़कर निष्कासित कर दिया जाना चाहिए। मुंडे ने स्वेच्छा से इस्तीफा नहीं दिया है। इसमें महीनों नहीं लगे होंगे। धनंजय मुंडे का इस्तीफा तब लिया गया जब यह महसूस किया गया कि उनका मामला बहुत गंभीर होगा। मुख्यमंत्री फडणवीस मुंडे और अजीतदादा के लिए ऐसा समय लेकर आए। यह मुंडे महाभारत पिछले तीन महीने से चल रही है।

मुख्यमंत्री ने आधिकारिक तौर पर इसे अजीतदादा का फैसला बताया। यानी अजीतदादा को यह तय करना चाहिए कि मुंडे को मंत्रिमंडल में रखना है या नहीं क्योंकि वह अजितदादा की पार्टी के हैं । सिद्धांत रूप में या कागज पर, यह उचित है, लेकिन केवल कागज पर। ऐसा इसलिए है क्योंकि मुख्यमंत्री ने आप इस्तीफे के बारे में देखते हैं का रुख अपनाया है, लेकिन साथ ही, उन्होंने भाजपा विधायक सुरेश दास या कथित सामाजिक कार्यकर्ता अंजलि दमानिया को चुप करा दिया, जो मुंडे के पीछे हाथ धो रही थीं। नहीं। दमानिया की बात को कुछ समय के लिए छोड़ा जा सकता है। क्योंकि वह भाजपा की आधिकारिक सदस्य नहीं हैं। लेकिन दास के बारे में क्या? मुख्यमंत्री का प्रत्यक्ष हित हो भी सकता है और नहीं भी; लेकिन फडणवीस का आशीर्वाद दास के लिए निश्चित था।फडणवीस ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थिति दर्ज कराई और एक सार्वजनिक बयान दिया और दास को अवाक रखा। यही बात दमानिया के साथ भी है। भले ही वह आधिकारिक तौर पर भाजपा से नहीं हैं, लेकिन उन्हें मुंडे के खिलाफ इतने दस्तावेज और %अंदरूनी जानकारी% कैसे मिली।दूसरी तरफ पार्टी के बाहर से दमानिया और तीसरी तरफ मीडिया मुंडे के खिलाफ रैली करती रही और यह केवल तभी हुआ जब यह सुनिश्चित हो गया कि यह जारी रहा कि मुंडे को पद छोड़ना पड़ा। यह पढ़कर कोई भी हैरान रह जाएगा कि सीएम फडणवीस ने मुंडे को पहले ही नारियल क्यों नहीं दिया?

इसका सीधा सा जवाब है- मुंडे जितने लंबे समय तक कैबिनेट में रहेंगे, भाजपा के लिए यह उतना ही सुविधाजनक होगा कि वह उन पर और उनके संरक्षक अजितदादा के सफेद कुड्डा पर अधिक से अधिक सींग फेंकते रहें। अगर अजितदादा और उनके सहयोगी खुद कीचड़ उछाल रहे हैं, तो भाजपा उन्हें क्यों रोके? वास्तव में, अगर फडणवीस ने इसे अपने दिमाग में लाया होता, तो मुंडे को घर भेजा जा सकता था और मामला कभी शांत नहीं हो सकता था। लेकिन फिर वह राजनीति क्या है? यह सुनिश्चित करने के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष व्यवस्था करके कि सत्तारूढ़ गठबंधन के महत्वपूर्ण नेता के खिलाफ आग सत्तारूढ़ गठबंधन के महत्वपूर्ण नेता के खिलाफ आग को हवा देना जारी रखेगा, फडणवीस ने एक पार्टी को एक पत्थर में और दूसरे को उड़ाने के लिए अधिक शक्ति दी। जिस पार्टी को चोट लगी थी, वह निश्चित रूप से अजितदादा की राष्ट्रवादी है। और जिस पार्टी में उड़ान भरने की अधिक ताकत है वह विपक्ष है। यह मामला अब मुंडे तक सीमित नहीं रहेगा। धनंजय मुंडे अजीतदादा की ढाल थे। अब जब इसे हटा दिया गया है, तो अजीतदादा विपक्ष के चरण में होंगे। उनका इस्तीफा टालकर उन्होंने एक तरह से उन्हें बचाने की कोशिश की, जिससे विपक्ष के हमले और तेज हो गए। यह एक बाघ की तरह है। एक बार जब यह मानव रक्त का स्वाद लेता है, तो इसे नरभक्षी बनने से रोकना मुश्किल होता है। राजनीति में एक बार सत्ताधारी दल का कोई मोहरा मारा जा सकता है तो नए शिकारी की तलाश में विपक्ष को रोकना मुश्किल होता है।और यहां, अजितदादा की एनसीपी और एकनाथ शिंदे की शिवसेना संभावित शिकारियों की सेना से लैस हैं. मुंडे के बाद अब नंबर कोकाटे होगा। अदालत ने निस्संदेह उन्हें भ्रष्टाचार के मामले में दोषी ठहराया है और अगर उनकी सजा पर रोक लगा दी जाती है, तो भी यह उनके खिलाफ दोष नहीं मिटाता है। इससे पहले जब सुनील केदार व अन्य के लिए समय आया तो सत्ता पक्ष ने उन्हें तत्काल नारियल देने की तत्परता दिखाई थी। इसलिए अब कोकाटे को बचाना मुश्किल है। इसका मतलब है कि पहले छह महीनों के भीतर अपराध और भ्रष्टाचार के कारणों से फडणवीस कैबिनेट के दो सदस्यों को घर भेजने का समय होगा। ये दोनों अजितदादा की एनसीपी से हैं। वहीं, साफ है कि एकनाथ शिंदे की शिवसेना पर भी बीजेपी का दबाव बढ़ेगा।एक बात तो यह है कि उन्हें मनचाहे जिलों का संरक्षक भी नहीं दिया गया है. फडणवीस ने तानाजी सावंत, दीपक केसरकर और अब्दुल सत्तार जैसे नेताओं को दूर रखा, जो पार्टी के सर्व-संसाधन हैं. दूसरी ओर, नई सरकार में शिंदे-सेना के पूर्व मंत्रियों के कई फैसलों को उलट दिया गया और कुछ की जांच की घोषणा की गई। अगर शिवसेना ने उचित सबक नहीं लिया, तो ऐसा नहीं है कि कुछ लोग मुंडे नहीं होंगे। दूसरा, धनंजय मुंडे के खिलाफ इस कार्रवाई के बाद अजीतदादा की एनसीपी भी शिंदे-सेना में किसी के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए जरूरी सक्रियता दिखाएगी। ताकि भाजपा को जरूरत का गोला-बारूद मिल जाए और वह विपक्ष तक आसानी से पहुंच जाए। उद्धव ठाकरे की शिवसेना को नेता प्रतिपक्ष का पद दिया जाए और संभावित भाजपा विपक्ष को चुप करा दे दे तो बिल्कुल भी आश्चर्य नहीं होगा। %आने-जाने% वाले एकनाथ शिंदे और अजित दादा पवार के बाद भाजपा के लिए बाहरी लोगों को खुश रखने से ज्यादा जरूरी उन्हें गले लगाना है। इसे काव्यात्मक न्याय कहा जाता है। वही धनंजय मुंडे सच्ची कहानी सुनाकर खुश थे कि कैसे शरद पवार ने हाल तक अजीतदादा के साथ अन्याय किया था। मानो कथित अन्याय के निवारण की जिम्मेदारी उनके सिर पर है! अब उनके पास इस अन्याय को दूर करने के लिए केवल समय होगा। इन लोगों ने राजनीति में जो बोया है, वही उगने लगा है और यही उनको मिलने वाला है।



## ट्रैक्टर के धक्के से 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**महेशपुर (पाकुड़)** थाना क्षेत्र के महेशपुर- शहरग्राम मुख्य सड़क के शहरग्राम गांव के पास बुधवार को शराब के नशे में धुत ट्रैक्टर चालक ने गांव के ही 50 वर्षीय प्रेमलाल साह को धक्का मार दिया। इस दौरान प्रेमलाल साह की मौत गई। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने चालक कुर्बान शेख को पड़कर लिया चालक भी जख्मी है। घटना की सूचना मिलते ही थाने के एएसआइ प्रेम मरांडी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर घटना की छानबीन करते हुए ट्रैक्टर चालक को महेशपुर अस्पताल लाया। जहां डा. अपूर्व हर्ष ने स्वास्थ्य कर्मी ज्योतिष पासवान के साथ जख्मी ट्रैक्टर चालक का प्राथमिक उपचार किया। मिली जानकारी के अनुसार शराब के नशे में धुत ट्रैक्टर चालक शहरग्राम के रास्ते पाकुड़ जा रहा था। इसी दौरान शहरग्राम गांव के पास दूध बेचने जा रहे प्रेमलाल साह को जोरदार धक्का मार दिया। इस घटना में प्रेमलाल साह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्वजनों एवं ग्रामीणों ने उसे बेहतर इलाज के लिए पाकुड़ लेकर चले गए हैं जंहा उसकी मौत हो गई।

## अज्ञात वाहन के टक्कर से बिजली के खंभे व तार क्षतिग्रस्त,बिजली बाधित

**हिरणपुर (पाकुड़ )** थाना क्षेत्र के तारापुर में बीते मंगलवार रात अज्ञात वाहन ने एक बिजली के खंभे में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतना जोरदार था कि बिजली का खंभा काफी दूर तक जा कर गिरा। साथ ही बिजली के तार को भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इस घटना के बाद से तारापुर गांव के दर्जनों लोगों की बिजली बाधित हो गई है। बिजली बाधित होने से लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ा। दरअसल घटना जिस वक्त हुई उस वक्त काफी जोरदार तरीके से आवाज हुई। आसपास के लोग अचानक हुई इस घटना से घबरा गए। आनन-फानन में कुछ लोग घरों से बाहर निकलें तो देखा कि बिजली का खंभा दूर तक गिरा पड़ा है। ओर बिजली के तार तीतर बितर इधर उधर सड़क किनारे पड़े हैं। घटना के वक्त बिजली बहाल थी। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। गौरतलब हो कि लगातार सड़क किनारे बिजली के खंभे व तारों को क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। रात्रि के समय हाईवा वाहन अनियंत्रित गति में परिवहन करते हैं। परंतु ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके ऐसा कोई ठोस इंतजाम नहीं हो रहे हैं। खबर लिखे जाने तक बिजली बहाल नहीं हो सका है। इस बाबत बिजली विभाग के कनीय अभियंता आशीष पटेल ने कहा कि मरम्मत कर बिजली बहाल करने के लिए मिस्त्री को निर्देश दिया गया है।वाहन का पता नहीं लग पाया है।

## नब्बे दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** पाकुड़।झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह के निर्देश पर सचिव अजय कुमार गुड़िया के मार्गदर्शन में नब्बे दिवसीय आउटरीच सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम विद्यालय समेत पाकुड़ के सभी प्रखंडों में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पीएलवी अमूल्य रत्न रविदास एजारूल शेख , विजय राजवंशी ने प्राथमिक विद्यालय महुआडागा में मौलिक अधिकार मौलिक कर्तव्य, बाल विवाह बाल श्रम पर विशेष रूप से जागरूक किया। वहीं पीएलवी चन्दन रविदास ने महेशपुर प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में घूम घूम कर लोगों को डायन प्रथा, साइबर ठग से बचाव, डिजिटल अरेस्ट समेत नालसा के योजनाओं पर जागरूक की साथ ही जागरूक पर्ची वितरण किया गया। वहीं अन्य प्रखंडों में संबंधित पैरा लीगल वॉलिंटियर्स के टीम ने आउटरीच कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए जागरूक किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ से मिलने वाली निशुल्क कानूनी सहायता पर विस्तृत जानकारी दी। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेने हेतु योग्य व्यक्ति को आवेदन संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

# नगर में आए दिन जाम की समस्या से जनता परेशान, ट्रैफिक और रूट की कोई उचित व्यवस्था नहीं

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकुड़ । आए दिन होने वाले ट्रैफिक जाम से पाकुड़ शहर वासी काफी परेशान है। शहर में ट्रैफिक व्यवस्था दिनों-दिन बदतर होती जा रही है। कहने सुनने बोलने वाला कोई नहीं है। व्यवस्थित ट्रैफिक की व्यवस्था नहीं होने से सुबह और शाम के समय जाम की स्थिति प्रतिदिन बनी रहती है। जिससे कार्यालय जाने वाले कर्मचारी, स्कूली बच्चे और आम नागरिक को प्रतिदिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है। और सबसे बड़ी बात है कि प्रतिदिन जाम की समस्या नगर थाना के सामने से लेकर बिरसा चौक तक। दूसरा गांधी चौक पर एवं तीसरा फाटक चौक पर। इन तीनों ही स्थान पर जहां जाम लगती है । इन स्थलों पर ट्रैफिक पुलिस की कोई व्यवस्था नहीं है। कभी काल पर्व त्यौहार के मौके पर ही इनका दर्शन आप कर पाएंगे। किंतु जहां जाम नहीं लगती है जैसे पुराना डीसी मोड वहां आप ट्रैफिक पुलिस




अवश्य देखेंगे । आम जनता को यह समझ से परे है ऐसे तो सब जानते हैं?! नगर थाना के सामने चाय दुकान पर लोग अपनी गाड़ी मोटरसाइकिल आदि सड़क पर खुलेआम लगाते हैं। उन्हें किसी का भय नहीं है। नगर परिषद ने इसकी तैयारी कर रखी है ।यदि मोटरसाइकिल या अन्य वाहन सड़क पर खड़ी मिली तो उसे उठा लिया जाएगा। किंतु हर हमेशा हेलमेट चेक और चालान काटने तक सीमित हो जाता है। फल स्वरुप जाम की समस्या बने रहना स्वाभाविक है। स्थानीय लोगों का मानना है कि सड़कों के किनारे अव्यवस्थित तरीके से खड़ी गाड़ियां और टोटो चालक कहीं भी वाहन रोककर सवारी उतारने-चढ़ाने की प्रवृत्ति इस समस्या को और गंभीर बना रही है । सड़कों पर अपनी साइड निश्चित नहीं है। फल स्वरुप मोटरसाइकिल रॉन्ग साइड से आगे ले जाते हैं। बाजार में तो कभी-कभी पैदल चलने तक की जगह नहीं बचती ।शहर की सड़कों पर पर्याप्त ट्रैफिक पुलिस की तैनाती नहीं होने के कारण जाम को नियंत्रित करना संभव नहीं है। आए दिन एंबुलेंस और आपातकालीन सेवाओं के वाहन भी जाम में फंस जाते हैं। शहरवासियों ने प्रशासन से यातायात व्यवस्था सुधारने, अवैध पार्किंग पर कार्रवाई करने और प्रमुख चौक-चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती सुनिश्चित करने, एवं ओटो टोटो निश्चित स्थान रोकने, की मांग की है। गाड़ियों की दिशा भी होनी चाहिए । जो लोग कोर्ट कचहरी ब्लॉक या बिरसा चौक से आगे जाएंगे उन्हें पीछे की रास्ते से अनुमति देनी चाहिए। इस प्रकार जो गाड़ी फटाक से आएगी उसे बाईपास सड़क होते हुए हरिनचौक से निकलना चाहिए। किंतु किसी का इस ओर ध्यान नहीं है। इसमें कोई दो मत नहीं की उपयुक्त पाकुड़ की ओर से कई सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं। किंतु शहरी क्षेत्र की समस्या मानवीय लापरवाही से हो रही है। इस समस्या का समाधान किया जा सकता है।

## पेंशन की समस्या राज्य से लेकर केंद्र तक है:दूबे



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** पाकुड़।झारखंड राज पेंशनर सम्मान समारोह का आयोजन बुधवार को भगत धर्मशाला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुकुल भट्टाचार्य के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम दौरान मौजूद झारखंड पेंशनर समाज का अध्यक्ष शिव शंकर दुबे ने बताया कि पेंशनर को पारिवारिक पेंशनर हैं यह सभी लोग गांव में रहते हैं ।सरकार उन्हें पेंशन देती है ,लेकिन सरकार से प्रचारित नहीं करती है कि हम क्या सुविधा देंगे। सरकार जो सुविधा दे रही है उसके अलावे भी हम और भी मांग रखते हैं। यदि हम हर साल अपना जीवन जीवित प्रमाण पत्र नहीं देंगे तो हमारी पेंशन बंद हो जाएगी। पेंशन वाली समस्या राज से लेकर लेकर केंद्र तक है। हम पेंशनरों के बीच स्वास्थ्य की समस्या है बीमार पड़ते है तो इलाज के लिए परिजनों को परेशान होना पड़ता है। अगर परिजन उसे स्थिति में नहीं रहते हैं तो और भी परेशानी बढ़ जाती है ।इसलिए हमें6 मेडिकल की सुविधा दी जाया। अगर हमारी बात केंद्र या फिर राज्य सरकार नहीं सुनती है तो निश्चित रूप से पूरे देश में आंदोलन खड़ा करने को बाध्य होंगे, ताकि सरकार हमें सुविधा दें उन्होंने कहा7 कि सरकार पेंशनरों को उतना पैसा दे ताकि बेहतर तरीके से रह सके हम लोग ने 35 से 40 साल तक सरकार को सेवा दिए हैं उसके बाद उसके बदले में बहुत ही कम राशि पेंशन के रूप में मिली है7 मिल रहा है वही महेश कुमार सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम के लिए 17 दिसंबर को निर्धारित है परंतु ठंड को देखते हुए समय का बदला कर कार्यक्रम किया गया है आज हम सारे पेंशनर एकत्रित हुए हैं हम सब घर पूर्वक समारोह के संचालक में पेंशन समाज की मदद करेंगे पेंशन समाज के सदस्य को अपना बहुमूल्य समय देकर दूर दराज के क्षेत्र से उठकर इस समारोह में भाग लेने के लिए आए हैं उन्होंने कहा कि पेंशन का फार्मूला तो वेतन आयोग से निर्धारित किए हैं परंतु पेंशन की सिद्धांत निर्धारित नहीं हुआ है कहा कि 15 वे विश्व मजदूर संगठन के आवश्यकता आधारित न्यूनतम मजदूरों की पेंशन का आधार मानकर न्यूनतम पेंशन की निर्धारण न्यूनतम मजदूरी का 67त्न किया जाना चाहिए मौके पर सुशील तिग्गा मुकुल भट्टाचार्य चंद्रकांत प्रताप सिंह गोपाल शरण सिंह श्यामा देवी त्रिवेणी प्रसाद भगत निरंजन घोष के अलावा अन्य मौजूद थे।

## बीडीओ ने पाडेरकोला पंचायत में विकास योजनाओं का किया निरीक्षण

**अमड़ापाड़ा(पाकुड़)।** प्रखंड के पाडेरकोला पंचायत में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रमोद कुमार गुप्ता ने विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अबुआ आवास योजना और बिरसा सिंचाई कूप योजना के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में पाडेरकोला के अम्बाजोड़ा गांव में कुल छह अबुआ आवास और दो बिरसा



सिंचाई कूप का निरीक्षण किया गया। बीडीओ ने कार्यों की प्रगति को लेकर पंचायत सचिव और रोजगार सेवक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्यों को तय समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए ताकि लाभुकों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। इसके अलावा, बीडीओ ने योजना स्थल पर शिलापट्ट लगाने का निर्देश दिया, जिससे योजनाओं की पारदर्शिता बनी रहे और लाभुकों को सही जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होंने लाभुकों को %सेल्फ जिओटैग% की प्रक्रिया के बारे में भी बताया और यह सुनिश्चित किया कि सभी लाभुक अपने निर्माणाधीन घरों और सिंचाई कूप का जिओटैग खुद करें। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता सुनील कुमार, मनरेगा बीपीओ अजय कुमार गुप्ता, पंचायत सचिव सौरभ दत्ता सहित कई अन्य पदाधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे। अधिकारियों ने लाभुकों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। बीडीओ ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे, यह प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की कि वे सरकारी योजनाओं की जानकारी रखें और उनके सही क्रियान्वयन में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

## पाइप लाइन में मरमती करण शहरी जलापूर्ति तीन दिनों तक रहेगी बाधित

**पाकुड़।** नगर परिषद कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर परिषद क्षेत्र में शहरी जलापूर्ति (वाटर सप्लाई) अगले तीन- चार दोनों तक बाधित रहने की संभावना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहरी जलापूर्ति पाइपलाइन में कुछ तकनीकी कार्य किया जा रहे हैं ताकि गर्मी आने से पूर्व शहर वासियों को जलापूर्ति व्यवस्थित दी जा सके। पाइप लाइन मरमती होने तक शहरी जलालपूर्ति बाधित रहेगी।

## तीन दिवसीय फुटबॉल खेल का हुआ शुभारंभ

**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़ )**चाँद भैरव सपोर्टिंग क्लब जामजोड़ी की ओर से तीन दिवसीय फुटबॉल खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन बुधवार को मुख्य अतिथि जेएमएम प्रखंड उपाध्यक्ष रंजन साहा ने विजेता टीम को30000हजार देकर पुरस्कृत किया एवं द्वितीय



पुरस्कार25000 हजार नगद दिए साथ में पंचायत के मुखिया रसका हांसदा मौजूद रहे, रंजन साहा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। साथ ही खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छे से खेलने व मेहनत कर जिला स्तरीय खेल में चयनित होने को प्रोत्साहित किया। साथ ही खेल के साथ-साथ पढ़ाई लिखाई में भी मन लगाकर मेहनत करने को कहा, शिक्षा ही विकास का मूल आधार है। इस अवसर पर मुख्य रूप से युवा कार्यकर्ता जोसेफ हांसदा,रतन मुर्मू, सनत मरांडी, तुलसी साहा, सागर हांसदा,मुंशी हेंब्रम आदि मौजूद रहे।

## ओटीपी के नाम पर तीन लाख से अधिक की ठगी,

पाकुड़। जिले के मालपहाड़ी ओपी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सीतलपहाड़ी निवासी नुर नेहरा (उम्र लगभग 25 वर्ष) साइबर ठगी का शिकार हो गई। इस मामले में पीड़िता की शिकायत पर मालपहाड़ी ओपी में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मिली जानकारी के अनुसार, 23 दिसंबर 2024 को नुर नेहरा के मोबाइल पर अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉलर ने खुद को एक्सिस बैंक रांची का कर्मचारी बताया और खाते में अन्य ग्राहकों की राशि गलती से ट्रांसफर होने की बात कहकर डराया। इसके बाद ऑनलाइन माध्यम से ठगों ने अलग-अलग ट्रांजेक्शन कर कुल 3,39,493 रुपये की अवैध निकासी कर ली। पीड़िता ने बताया कि उनके खाते से यूनियन बैंक, इंडियन बैंक व अन्य खातों में क्रमश- 1,40,000 रुपये, 40,000 रुपये समेत अन्य रकम ट्रांसफर कर ली गई। पीड़िता ने जब स्थिति को समझा तब तक ठगी की पूरी घटना को अंजाम दिया जा चुका था। पीड़िता की गुहार पर मालपहाड़ी ओपी पुलिस ने साइबर अपराध से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आरोपियों को पकड़ने के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं। पीड़िता ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई एवं ठगी गई राशि की वापसी की मांग की है।

## एसडीपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष के गिरफ्तारी से पाकुड़ में आक्रोश, निकाला विरोध प्रदर्शन

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकुड़।एसडीपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम के फैजी की ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद पाकुड़ में जबरदस्त नाराजगी है। गिरफ्तारी के खिलाफ एसडीपीआई पाकुड़ के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर कड़ी आपत्ति




जताई है। प्रदेश अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य मो0 हंजेला शेख ने इसे केंद्र की बीजेपी सरकार की प्रतिशोध की राजनीति तथा एसडीपीआई की आवाज को दबाने की नाकाम कोशिश बताया। उन्होंने कहा कि फैजी साहब की गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित है और पार्टी को कमजोर करने का प्रयास है । जो सफल नहीं हो पाएगा। कई बड़े राजनीतिक दल रहने के बावजूद एसडीपीआई की देश के हर कोने में जमीनी स्तर बढ़ रही है तथा वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ एस डी पी आई द्वारा की गई रैली, प्रदर्शन तथा कार्यक्रम से घबराकर ई डी ने केंद्र की हुकूमत के इशारे पर यह कदम उठाई है।वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष हबीबुर रहमान ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष को बिना शर्त रिहा किया जाए अन्यथा आंदोलन और तेज होगा।प्रदर्शन में मुख्य रूप से पाकुड़ जिला अध्यक्ष अमीर हमजा, उपाध्यक्ष ओबैदुर रहमान, जिला सचिव मो0 इस्माइल,प्रखंड अध्यक्ष अहेदुल शेख तथा दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रामभक्त सेवा दल की झारखंड प्रदेश गौ रक्षा प्रमुख बनी शशि पाण्डेय

**पाकुड़।** राष्ट्रीय संगठन रामभक्त सेवा दल जो भारत सरकार से मान्यता प्राप्त है की झारखंड प्रदेश गौ रक्षा प्रमुख,मातृशक्ति शशि पाण्डेय जी को बनाया गया। जानकारी के मुताबिक प्रदेश अध्यक्षा मातृशक्ति पिंकी मंडल जी के नेतृत्व में प्रदेश कार्यकारिणी कमिटी के सहमति से उन्हें गौसेवा प्रमुख बनाया गया। वही मौके पर उपस्थित पिंकी मंडल जी ने कहा कि नव नुक्त झारखंड प्रदेश गौसेवा प्रमुख संगठन के हित में बेहतर कार्य करेंगी। साथ ही आशा व्यक्त करते हुए कहा कि श्रीमति शशि पाण्डेय जी संगठन हित में निस्वार्थ भाव से निष्ठा पूर्वक कार्य करते हुए संगठन के मजबूती में कार्य करेंगी।वही इस विषय को लेकर गौसेवा प्रमुख ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस जिम्मेदारी को वह पूरी निष्ठा पूर्वक अपनी जिम्मेदारी समझ कर अपने दायित्व को निभाएंगी और संगठन के विस्तार सहित समाज के हित में महत्वपूर्ण पहल करते हुए संगठन के मजबूती के लिए एकत्रित रूप से कार्य करेंगी।

## जिला प्रशासन द्वारा लगातार जारी है सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



**गोड्डा ।** सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा बुधवार को सरकंडा चौक पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात नियम का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको पर कार्यवाही करते हुए चालकों के विरुद्ध चालान काटे गए साथ ही यातायात नियमों के प्रति सबों को जागरूक किया गया। वहीं सड़क सुरक्षा अभियान के तहत हेलमेट न पहनने वाले बाइक सवारों, बिना सीट बेल्ट कार चलाने वालों और ओवरलोड वाहनों पर विशेष नजर रखी गई। इस दौरान पुलिस ने मौके पर ही कई वाहन चालकों के चालान काटे और उन्हें नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी।

## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ 8 मार्च को गोड्डा में



**गोड्डा ।** भाजपा जिला कार्यालय में बुधवार को जिला उपाध्यक्ष अजय साह की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में 8 मार्च को दिन के 10 बजे भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी बर्ष के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय गोड्डा के सभागार में गोष्ठी का आयोजन रखा गया है जिसमें मुख्य अतिथि भारत सरकार के केन्द्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ का संबोधन होगा। गोष्ठी कार्यक्रम में सांसद डॉ0 निशिकांत दुबे, प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक अशोक भगत, प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक अमित मंडल, जिला अध्यक्ष श्री संजीव मिश्रा समेत प्रदेश व जिला के वरिष्ठ नेताओं का भी संबोधन होगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जिला पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। केन्द्रीय रक्षा राज्यमंत्री मंत्री जी का गोड्डा आगमन 7 मार्च कोशाम में होगा जहां उनका रात्रि प्रवास गोड्डा में ही होगा। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं समेत समाज के गणमान्य नागरिक गणों की उपस्थिति रहेगी। गोष्ठी कार्यक्रम के पश्चात जिला कार्यालय में ही होली मिलन समारोह का आयोजन रखा गया है। बैठक में अटल शताब्दी बर्ष के जिला संयोजक सह जिला महामंत्री राजेश टेकरीवाल व कृष्ण मुरारी चौबे, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी चक्रवर्ती, लीलसी हेम्ब्रम, जिला मंत्री डोली गुप्ता, नितेश सिंह जिला मीडिया सह प्रभारी अभिषेक मंडल, एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष सुशील टुडू, जिला कोषाध्यक्ष राजेश भगत, राजीव भगत डब्लू, वेदानन्द ठाकुर, जीतू सिंह उपस्थित थे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा जागरूकता शिविर आयोजित की गई



**नाला( जामताड़ा)।** बुधवार को नालसा एवं झालसा रांची के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा के अध्यक्ष एवं सचिव के दिशा निर्देश पर विशेष जागरूकता शिविर सह आउटरीच कार्यक्रम के तहत राख गांव में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया7 शिविर में प्राधिकार के पीएलवी सह अधिकार मित्र निशा सोरेन के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा से मिलने वाली निःशुल्क विधिक सहायता के साथ साथ नालसा एवं झालसा के विभिन्न स्कीमों की विस्तृत जानकारी बाल विवाह, दहेज प्रथा, अपराध एवं रोकथाम, नाशा मुक्ती, घरेलू हिंसा, मोटर दुर्घटना दावा वाद से मिलने वाली मुआवजा एवं सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। इस अवसर पर मालती मिर्धा , नन्दलाल कर,रासमुनी मुर्मू, सुमित्रा मुर्मू,रिंकी मिर्धा आदि ग्रामीण मुख्य रूप से मौजूद थे ।

## लायकापुर पहाड़िया टोला आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका बनी ललिता पुजहर

**कुंडहित (जामताड़ा) ।** बुधवार को कुंडहित प्रखंड क्षेत्र के लायकापुर पहाड़िया टोला आंगनवाड़ी केंद्र में सेविका पद के लिए ग्राम सभा का आयोजन किया गया । ग्राम सभा में मुख्य रूप से सीडीपीओ सह बीडीओ जमाले रजा, प्रमुख रामकिशोर मुर्मू एंव चयन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान लायकापुर पहाड़िया टोला आंगनबाड़ी केंद्र में ग्रामसभा के दौरान महिला पर्यवेक्षिका लता किरण किस्कु ने सेविका पद की चयन प्रक्रिया को लेकर ग्रामसभा में उपस्थित लोगों को चयन प्रक्रिया के मार्गदर्शिका को पढ़कर सुनाया गया। लायकापुर पहाड़िया टोला आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका पद हेतु कुल आठ उम्मीदवार ने भाग लिया। जंहा जाति बहुलता के पहाड़िया होने के कारण छह आवेदनों को निरस्त कर दिया गया तथा पहाड़िया जाति के दो आवेदन पर बिचार किया गया। ग्रामसभा में इंटर पास ललिता पुजहर तथा अन्य एक नॉन मेट्रिक आवेदन पर विचार करते हुए इंटर पास ललिता पुजहर को सेविका पद हेतु ग्रामसभा द्वारा चयन कर लिया गया। इस संबंध में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी जमाले रजा ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में ग्रामसभा द्वारा सेविका पद के लिए चयन प्रक्रिया पूरा कर लिया गया है। सेविका पद के उम्मीदवार का प्रमाण पत्र का सत्यापन कर जिला भेज दिया जाएगा। मौके पर बीडीओ के आलावे प्रमुख रामकिशोर मुर्मू, शिक्षक राखी धर, महिला पर्यवेक्षिका निर्मला हेंब्रम,लता किरण किस्कु , एएनएम एंव ग्रामीणों उपस्थित थे।

## महिला के साथ बलात्कार केस दर्ज

**फतेहपुर (जामताड़ा)।** फतेहपुर थाना क्षेत्र के बामनडीहा पंचायत अंतर्गत दुधानी गांव की एक 32 वर्षीय महिला के साथ बलात्कार करने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त मामले को लेकर बुधवार को फतेहपुर थाना में केस दर्ज किया गया है। आवेदन में बताया है कि बिगत 4 मार्च 2025 को लगभग दोपहर 3 बजे बामनडीहा पंचायत के दुधानी गांव निवासी 36 वर्षीय अजहरुद्दीन शेख ने पीड़िता के घर आकर जोर जबरदस्ती कर बलात्कार किया। पीड़िता के हाथ तथा उनके मुंह दबाकर घटना को अंजाम दिया गया। इस घटना से पीड़िता काफी डर गई है। साथ ही दोषी व्यक्ति ने पीड़िता को इस घटना के बारे में किसी को ना बताने का धमकी भी दिया है। किंतु पीड़िता ने अपने साथ हुए घृणित घटना को परिजनों को बताया। इसके बाद परिजनों के संग पीड़िता थाना पहुंचकर दोषी व्यक्ति के ऊपर कानूनी करवाई करने को लेकर आवेदन दिया है। वही फतेहपुर थाना में दोषी अजहरुद्दीन शेख के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है।

## आनंदमार्ग प्रचारक शाखा भतडीहा में दधीची दिवस पर कार्यक्रम आयोजन

**गोड्डा ।** दधीचि दिवस पर बुधवार को स्थानीय आनंदमार्ग प्रचारक शाखा, भतडीहा में श्रद्धांजलि सभा सहित अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आचार्य विमुक्तानंद अवधूत ने कहा कि दधीचि शब्द का अर्थ- भागवत धर्म संस्थापनार्थ के लिए जीवन की आहुति देना है।जब मेरे बच्चे भागवत धर्म के आदर्शो के लिए अपने प्राणों की आहुति देते हैं, तो मैं उसे दधीचि कहता हूं। पांच मार्च, 1967 को कम्युनिस्ट पार्टी के गुंडों ने आनंदमार्ग प्रचारक संघ के मुख्यालय, आनंद नगर पर हमला किया था और उनका कुत्सित इरादा था कि आनन्दमार्ग प्रचारक संघ के संस्थापक परम पूज्य महाशंभूति बाबा आनंदमूर्ति की हत्या कर आनन्दमार्ग को खत्म कर दिया जाय। इन अमानवीय, धर्म विरोधी सन्त्रासी बदमाशों और अनैतिक ताकतों से लड़ते हुए, धर्म रक्षक पांच आध्यात्मिक सैनिकों ने ÷भागवत धर्म÷ (मानव समाज में धर्म संस्थापनार्थ) के लिए अपने जीवन का आहुति दिया। जिन लोगों ने अपना जीवन बलिदान किये उनमें आचार्य अभेदानंद अवधूत, आचार्य सच्चिदानंद अवधूत, भरत कुमार , प्रभाष कुमार, अवधेश कुमार शामिल थे।दधीचि का मतलब शहीद नहीं है। दधीचि और शहीद शब्द समान नहीं हैं। यही कारण है कि बाबा ने इस अवसर को विशेष रूप से ÷दधीचि दिवस÷ का नाम दिये है, न कि शहीद दिवस .....आदि का। क्योंकिइसलिए यह अद्वितीय और विशेष महत्व रखता है।

# जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प, पांच गंभीर रूप से घायल



संवाददाता

**महागामा ।** थाना क्षेत्र के फिरोजपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी झड़प हो गई, जिसमें एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में 50 वर्षीय अब्दुल करीम, उनकी पत्नी 45 वर्षीय नसीमा खातून, 18 वर्षीय बेटी सहारा खातून, 18 वर्षीय जुलशन खातून और 60 वर्षीय मोहम्मद मकबूल शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को एंबुलेंस (108) के जरिए महागामा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां से तीन लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें गोड्डा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल अब्दुल करीम का कहना है कि उनके पास जमीन के वैध कागजात हैं और वे अपने पूर्वजों द्वारा बताई गई जमीन पर ही रह रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब वे सड़क किनारे खड़े थे, तभी अचानक कादिल, फिरोज, अबरा, कयूम, अमीन और तोहिद ने अपने बेटों के साथ मिलकर लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। इतना ही नहीं, हमलावर उनके घर में घुसकर परिवार के सदस्यों को भी बुरी तरह पीटने लगे। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी जमीन को लेकर विवाद हो चुका है। जब उन्होंने वहां धान की बुआई की थी, तब दूसरे पक्ष ने विरोध जताया था। कुछ दिन पहले जब उन्होंने देखा कि उनकी जमीन पर सरसों की खेती कर दी गई है, तो उन्होंने आपत्ति जताई थी। जिसके बाद प्रशासन ने विवादित जमीन पर धारा 144 लागू कर दी थी।

बावजूद इसके, आरोपियों द्वारा लगातार धमकियां दी जा रही थीं। वहीं, दूसरे पक्ष के लोगों ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि विवादित जमीन उनकी पुश्तैनी संपत्ति है और अब्दुल करीम जबरन कब्जा करना चाहते हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है।

## होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन ने नये कंपनी कमांडर का किया स्वागत



**गोड्डा ।** जिला होमगार्ड कार्यालय में नये कंपनी कमांडर निरल केरकेट्टा का होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन ने गर्मजोशी से स्वागत किया। निरल केरकेट्टा के जिला होमगार्ड कार्यालय पहुंचने पर झारखंड होमगार्ड वेलफेयर संगठन के प्रदेश संरक्षक जिला अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा की ओर से बुके देकर स्वागत किया साथ ही प्रदेश संरक्षक की ओर से नये कंपनी कमांडर को बधाई दी गई। वही प्रदेश संरक्षक श्री कुशवाहा द्वारा पूर्व कंपनी कमांडर अजय कुमार पांडे के कार्यकाल की भूरी भूरी प्रशंसा की गई। पूर्व कंपनी कमांडर का पाकुड़ जिला में हुए तबादले पर संगठन के सदस्यों की ओर से शुभकामना देते हुए विदाई दी गई। इस दौरान सरकारी अध्यक्ष अनूप कुमार यादव, इम्तियाज आलम, विजय सिंह, नंदकिशोर झा, श्रीलाल टुडू, बाबुजी सोरेन, देवेन्द्र ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**जामताड़ा संवाददाता ।** बुधवार को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, तांबाजोर ,जामताड़ा में शैक्षणिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का विधिवत शुभारंभ अनुमंडल पदाधिकारी, जामताड़ा, अनंत कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान नवोदय विद्यालय के छात्र छात्राओं ने स्वागत गान, रवींद्र नाथ टैगोर संगीत एवं लोकनृत्य प्रस्तुत किया। वहीं अभिनव पद्धति से शैक्षणिक प्रर्दशनी की शुरुआत हुआ, जिसमें एक से बढ़कर एक प्रदर्श बनाए गये थे। कला ,विज्ञान, गणित, संगीत, इतिहास, अर्थशास्त्र, भूगोल, अंग्रेजी, हिन्दी सहित सभी विषय के कार्यशील मॉडल बनाए गऐ थे। प्रदर्श का अवलोकन करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने छात्र छात्राओं की अद्भुत प्रतिभा देखी एवं कई सवाल भी पूछे जिसका बच्चों ने बखूबी जवाब भी दिया। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी बच्चों को संबोधित करते हुए उनके प्रदर्श को लेकर शुभकामनाएं दी एवं कहा कि इसी तरह जीवन में आगे बढ़ें, खूब मन लगाकर पढ़ाई करें एवं विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में एक से बढ़कर एक नवोचारी प्रयास करें, जिसका लाभ सबों को मिले। वहीं नवोदय विद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रीति श्रीवास्तव ने कहा ऐसे कार्यक्रम से बच्चों में शिक्षा के प्रति रुझान और सोचने की क्षमता बढती है। साथ ही अभिभावक सदृश अधिकारी के आने पर बच्चे प्रेरित हो जाते हैं। वहीं उक्त अवसर पर बेहतर प्रदर्श प्रस्तुत करने वाले छात्र छात्राओं को अनुमंडल पदाधिकारी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उक्त अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## श्री 1008 लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा



**नाला( जामताड़ा)।** नाला में बुधवार को श्री श्री 1008 लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई।कलश यात्रा वाराणसी के आचार्य परमात्मा पांडेय के सानिध्य में निकाली गई। कलश यात्रा में 1008 कुंवारी कन्याओं के द्वारा विधिवत रूप से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कुरली नदी से जल संकल्प की गई।कलश यात्रा का दृश्य अत्यंत ही शोभनीय एवं आकर्षक रहा।गाजे बाजे के तमाम श्रद्धालु जयकारे के साथ कलश यात्रा में शामिल हुए।कलश यात्रा के दौरान अधर्म का नाश हो,सत्य का जय हो,हर हर महादेव,जय माता दी आदि गगनभेदी नारे के साथ आकाश गुंजायमान रहा7 इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान एक विचित्र ओलंपिक परिदृश्य नजारा देखा गया कलश यात्रा की शुरुआत से अंतिम तक साक्षात बजरंगबली के रूप में वीर हनुमान मौजूद रहे। कुछ समय के लिए श्रद्धालु तथा कलश यात्रा में मौजूद बच्चे बच्चियों विचलित हो गए परंतु वानर हनुमान किसी भी प्रकार की क्षति पहुंचाएं हम श्रद्धालुओं की तरह इस धार्मिक अनुष्ठान में मानो इस महायज्ञ अनुष्ठान के रक्षक के रूप में विराजमान रहे 7 ऐसे कलश यात्रा एवं धार्मिक अनुष्ठान में वानर हनुमान के रूप में आकर्षण का केंद्र बना रहा ।

## विधिक जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को किया जागरूक



**फतेहपुर (जामताड़ा)।** बुधवार को नालसा एवं झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा के सचिव आदेशानुसार फतेहपुर प्रखण्ड के जामजोड़ी पंचायत अंतर्गत मधुवाचक ग्राम में 90 दिवसीय विशेष जागरूकता शिविर सह आउटरिच कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर पीएलवी अमित कुमार मंडल ने नालसा एवं झालसा के द्वारा मिलने वाले निशुल्क विधिक सहायता के बारे में लोगों को जानकारी दिया गया और अधिक से अधिक ग्रामीणों को निशुल्क विधिक सहायता लेकर पीड़ित, विधवा महिला, बुजुर्ग व्यक्ति, दिव्यांग व्यक्ति इसका लाभ ले सकते हैं। वंचित परिवार को निशुल्क सहायता झालसा के टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में विशेष रूप से जागरूक किया गया और इसमें अपना शिकायत दर्ज कर सकते हैं। माधवाचौक के ग्रामीण परमानंद मुर्मू, रामधन मुर्मू, रूपधन टुडू, सुशील मरांडी समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। बताया गया कि 8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सिविल कोर्ट प्रांगण में किया जाएगा, इसका लाभ ले सकते हैं और सभी विवाद मध्यस्था सुलहनामा किया जा सकता है। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से सभी विभाग का केस डिस्पोजल किया जा सकता है जैसे वन विभाग, कृषि लोन, बिजली बिल, मोटर इंश्योरेंस, घरेलू विवाद आदि का निपटारा किया जा सकता है।

## श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में भगवान कृष्ण और सुदामा की मित्रता का सुनाया गया प्रसंग



**महागामा ।** प्रखंड के कुशमहारा में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छटे दिन की कथा व्यास अभिषेक आनंद जी महाराज ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि 6 दिन कृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया गया। मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मा देवकी को वापस देना सुभद्रा हरण का आख्यान कहना एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास अभिषेक आनंद जी महाराज ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा जी से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र (सखा) से सुदामा मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं। इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है।अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया और सुदामा को अपने महल में ले गए ओर उनका अभिनंदन किया। इस दृश्य को देखकर श्रोता भाव विभोर हो गए।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार की मौत

**मेहरमा संवाददाता ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत भगैया-पिरोजपुर मुख्य सड़क के बीच स्थित खंधार मोड़ के पास बुधवार दोपहर एक बेकाबू महिंदा ट्रैक्टर की चपेट में आ जाने से एक मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों की मदद से भगैया बाजार स्थित एक नीजी क्लिनिक में उपचार के लिए भर्ती कराया। क्लिनिक में मौजूद डॉ0 ने उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना करित ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर मौके से लेकर फरार हो गया। इधर घटना की सूचना पाकर मेहरमा थाना के एसआई सचितानंद पासवान, एएसआई सहदेव प्रसाद, इशीपुर बाराहाट थाना की मदद से छोटी मेहदी पोखर गांव पहुंची जहां सरसो के खेत में दुर्घटना घटित ट्रैक्टर को छुपाकर रखा गया था। और टैक्टर का ट्रॉली और इंजन का एक टायर खोल दिया गया था। पुलिस कड़ी मशक्कत के बाद दुर्घटना घटित ट्रैक्टर को सीज करते हुए मेहरमा थाना ले गयी। वही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोड्डा भेज दिया गया। मृतक का पहचान मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के पिंडरा पंचायत अंतर्गत खैरबन्नी गांव निवासी बाबूलाल हेंब्रम पिता ढेमड़ा हेंब्रम के रुप में हुई है। घटना उस वक्त हुई मोटरसाइकिल सवार अपने एक मित्र ज्ञान हेंब्रम के साथ खंधार गांव की तरफ से मेहरमा की ओर जा रहा था। और टैक्टर विपरीत दिशा से आ रही थी उसी के दौरान हादसा हुई।

## मारपीट और छेड़खानी के आरोपी गिरफ्तार

**मेहरमा ।** स्थानीय थाना पुलिस ने मारपीट और छेड़खानी के आरोप सोनेलाल यादव उर्फ सोनू यादव, उम्र लगभग 35 वर्ष, पिता चिग्गर यादव, साकिन बुधासन निवासी को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बताते चलें कि बुधासन गांव में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। प्रथम पक्ष का बकरी खेत में घुस जाने के कारण द्वितीय पक्ष ने एक नाबालिक लड़की और उसके पिता को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने के साथ-साथ नाबालिक के साथ छेड़खानी किया गया था। जिसे लेकर प्रथम पक्ष ने द्वितीय पक्ष पर मेहरमा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया था पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए द्वितीय पक्ष के नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## फरार अभियुक्त के घर कुर्की जप्ती



**बसंतराय ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रुपनी गांव के निवासी कई दिनों से फरार चल रहे अभियुक्तों के घर बुधवार को बसंतराय थाना की पुलिस ने कुर्की जब्ती की। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मो0 सज्जमुद्दीन सहित उनके चार पुत्रों के ऊपर एस सी का मुकदमा दर्ज था। लेकिन अभी तक उन्होंने जमानत नहीं कराया था। वहीं न्यायालय के आदेश के बाद बुधवार को सहायक अवर निरीक्षक विजय शर्मा के द्वारा दल बल के साथ अभियुक्त के घर पहुंचकर घरेलू उपयोगी समानों को बरामद कर थाना लाया गया। बसंतराय थाना में कांड संख्या 38/24 के तहत मो0 सजमुद्दीन, मो0 सद्दाम, मो0 मुकर्रर, मो0 कादिर, मो0 जाकिर मामले में अभियुक्त हैं। वहीं कुर्की जप्ती में फरार अभियुक्त के घर से तीन कुर्सी, चौकी, ग्लास, टीना का बक्सा, बिछावन, चकला-बेलन, प्लास्टिक टेबल, कढ़ाई, प्लेट, पंखा, हंडी आदि सामान जब्त किया गया। वहीं कुर्की जप्ती के लिए बसंतराय थाना से एस आई विजय शर्मा, पुलिस अवर निरीक्षक जगनारायण कुमार, आरक्षी कृष्ण सिंह एवं अन्य पुलिस कर्मी

## श्री श्री 1008 मारुति नंदन रुद्र महायज्ञ



**नारायणपुर (जामताड़ा)।** प्रखंड के दक्षिणीडीह ग्राम में चल रहे नौ दिवसीय श्री श्री 1008 मारुति नंदन रुद्र महायज्ञ को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु यज्ञ स्थल पर पहुंचकर कथा वाचकों द्वारा प्रस्तुत भगवान की कथा का रसास्वादन कर रहे हैं।यज्ञ के दूसरे दिन मानस मयूरी शालिनी त्रिपाठी ने प्रवचन देते हुए कहा कि भगवान की भक्ति और उनके नाम के उच्चारण में संकोच नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जन्म से मृत्यु तक राम नाम हमारे जीवन से जुड़ा रहता है, इसलिए हमें भगवान के भजन और भक्ति से कभी दूर नहीं रहना चाहिए।उन्होंने यह भी बताया कि समूह में भगवान का कीर्तन अधिक प्रभावशाली होता है, जिसे संकीर्तन कहा जाता है। धर्म कार्य में सलाह देने के बजाय तन, मन और धन से सहयोग करने की बात कही गई।उन्होंने माताओं को परिवार की धर्म की जननी बताया और कहा कि यदि माता धर्मपरायण होंगी तो परिवार में स्वतः ही धार्मिक वातावरण बन जाएगा।

## मंत्रियों के फायदे के लिए बना है राज्य का आम बजट, विकास की ठोस पहल कहीं नहीं : बबीता झा



**जामताड़ा ।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री सह भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष बबीता झा ने बुधवार को कोर्ट रोड शिवधाम स्थित अपने आवास पर एक प्रेसवार्ता आयोजित कर झारखंड सरकार के बजट पर कड़ा प्रहार किया। उनका कहना है कि यह बजट केवल मंत्रियों के हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जबकि जामताड़ा जिले जिसमें दो विधानसभा क्षेत्र हैं। इस बजट में विकास की कोई ठोस पहल नजर नहीं आ रही। प्रदेश उपाध्यक्ष बबीता झा ने बताया कि जामताड़ा जिले में विकास की ठोस योजनाएं न होते हुए भी, झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री जैसे उच्च पदस्थ व्यक्तित्व इसी जिले से हैं। उन्होंने कहा कि यदि अब जिले का विकास नहीं हुआ तो इस बजट का क्या मायने है। यह बात राज्य में मौजूदा विकास की गति पर गंभीर सवाल उठाती है। इसके अलावा बबीता झा ने मैया सम्मान योजना पर भी कड़ी टिपण्णी करते हुए कहा कि हेमंत सरकार ने राज्य की महिलाओं के साथ किए गए वादों को पूरा नहीं किया है। उन्होंने बताया कि कई महीनों से विकलांग, विधवा और वृद्धा पेंशन राज्य के महिलाओं को नहीं मिल रहा है, जिससे राज्य की महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## होली मिलन समारोह में कवियों ने अपनी रचना से गुदगुदाया



**गोड्डा ।** स्थानीय शिक्षक सदन में हिन्दी एवं अंगिका भाषा शोध संस्थान के तत्वावधान में होली मिलन समारोह सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अंगिका के मूर्धन्य साहित्यकार डॉ0 अमरेन्द्र एवं अंगिका के प्रेमचंद कहे जाने वाले अनिरुद्ध प्रसाद विमल? बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। वहीं कवि सम्मेलन में मंच का संचालन अखिल भारतीय हिन्दी साहित्य परिषद, गोड्डा के अध्यक्ष डॉ0 मनोज कुमार राही ने किया। डॉ0 अमरेन्द्र ने अपने संबोधन में कहा कि गोड्डा एक ऐसा क्षेत्र है जहां अंगिका के आदिकवि सहित अनेक कवियों की जन्मभूमि रही है। इस क्षेत्र में अंगिका का भविष्य बहुत उज्ज्वल है और यहां के युवा कवियों को प्रोत्साहन दिया। अनिरुद्ध प्रसाद विमल? ने कहा कि अंग प्रदेश की भूमि में अंगिका भाषा के उत्थान के लिए उनका जीवन समर्पित रहा है। न?ए कवि और लेखक कैसे आगे बढ़े इसके लिए उनकी साहित्य साधना लगातार जारी है।इस दौरान अखिल भारतीय हिन्दी साहित्य परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुमार भारती, हिन्दी अंगिका भाषा शोध संस्थान के निदेशक डॉ0 प्रदीप प्रभात, झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के महासचिव चक्रधर यादव, अखिल भारतीय अंगिका साहित्य कला मंच झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 कयूम अंसारी, अनन्त नारायण दुबे, शिवनारायण यादव,नवीन चन्द्र ठाकुर, डॉ0 राधेश्याम चौधरी, ओमप्रकाश मंडल, संतोष कुमार मंडल, प्रकाश यादव, विपुल कुमार दुबे, अनामिका मिश्रा, त्रिमाला कुमारी, शैलेन्द्र राम, शिवेंद्र सिंह, रमाकांत जी, अजयकांत यादव समेत अनेक कवियों की मौजूदगी रही। डॉ0 प्रदीप प्रभात के द्वारा कार्यक्रम में आए सभी मेहमानों और कवियों का माल्यार्पण करके एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। करीब दो घंटे तक चले कवि सम्मेलन में विभिन्न कवियों ने अपनी-अपनी प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया।

## विधिक जागरुकता के तहत विशेष शिविर आयोजित




**गोड्डा ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बुधवार को 90 दिवसीय विधिक साक्षरता व विधिक जागरुकता अभियान के तहत सदर प्रखंड के दुर्गा टोला रामपुर में बाल विवाह, साइबर ठगी, नशा उन्मूलन व डायन निरोधक अधिनियम विषयक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिकार मित्र बासुदेव मणी नंदन कुमार ने किया। डालसा की ओर गठित टीम में शामिल अधिकार मित्र नवीन कुमार ने कहा कि बाल विवाह का आंकड़ा राज्य में सबसे अधिक है। ऐसे में महिलाएं ही इस कुप्रथा पर लगाम लगा सकती हैं। बाल विवाह कानूनन अपराध है। इसके लिए उभय पक्षों के अलावा पंडित, मौलवी, बाराती सहित शामिल होने वालों के लिए सजा व जुर्माना का प्रावधान है। इसके लिए जन जागरुकता की जरुरत है। कुरीतियों पर लगाम लगाने के लिए ही विद्यालयों में लीगल लिटरेसी क्लास का आयोजन किया जाता है । उन्होंने कहा कि डायन कहकर गाली देना दंडनीय अपराध है। इसके लिए सजा का प्रावधान है। इस वैज्ञानिक युग में डायन, भूत, प्रेत , ओझा गुनी आदि को मान्यता नहीं दी जाती है। इसलिए ऐसे विवादों से दूर रहें। छोटे- छोटे विवाद को आपसी समझौते के माध्यम से समाधान कराने की दिशा में पहल करने का आह्वान किया। इस दौरान कल्पना कुमारी, सरिता देवी, बिंदु देवी, भारती देवी, वीणा देवी, सजनी कुमारी, मीनु कुमारी, प्रियंका देवी, प्रमिला देवी आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

## विधिक सेवा प्राधिकार के क्रियाकलापों पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**गोड्डा ।** व्यवहार न्यायालय स्थित लाइब्रेरी सभागार में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के क्रियाकलापों पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें प्राधिकरण की ओर से संचालित विविध कार्यक्रमों का आकर्षक तरीके से प्रदर्शन किया गया है। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डा. प्रदीप कुमार ने बताया कि झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश के आलोक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 90 दिवसीय गहन विधिक साक्षरता सह विधिक जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आम लोगों के बीच जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यक्रमों के प्रचार प्रसार व अवलोकन को लेकर इस प्रकार की प्रदर्शनी लगाई जाती है। इससे आम लोगों को डालसा की गतिविधियों की जानकारी मिल पाती है। मौके पर प्रदर्शनी देख रही पूजा कुमारी, अनिता सोरेन, धनंजय कुमार आदि ने बताया कि इस प्रकार के प्रदर्शनी के आयोजन से संस्थान के क्रियाकलापों से अवगत हुए और इसकी जानकारी ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचेगी। समय- समय पर इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित होना चाहिए ताकि आम लोगों को इस संबंध में जानकारी मिल सकेगी।

## विधिक जागरूकता कार्यक म का आयोजन



**नारायणपुर (जामताड़ा)।** नालसा एवं झालसा, रांची के निर्देशानुसार बुधवार को बुधुडीह पंचायत के शिमला गांव में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जामताड़ा के सौजन्य से विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में गांव के कई लोग उपस्थित रहे। मौके पर पैरा लीगल वॉलंटियर महफूज आलम और सहादत अली ने उपस्थित ग्रामीणों को निःशुल्क कानूनी सेवाओं की प्रक्रिया की जानकारी दी और जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।इसके साथ ही, सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी देकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।कार्यक्रम में सुषमा देवी, निर्मला देवी, जमनी देवी, धनेश्वर कुमार, मुन्ना कुमार रवानी, अक्षय कुमार यादव, पलटन यादव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# बोगे-बाड़िच् ओपरोमताम



-मारांग मराण्डी ''बादोली''
(आईटीआई प्रशिक्षण अधिकारी)

हेसेच्-सेकरेच् मानमी आड़ाङ
मोचा मेनाक्ताम
बोगे-बाड़िच् बाड़ाय कातेक्
आड़ाङ ओडोङताम।

मानमी जिबोन कामी लागित्
ती मेनाक्ताम
बोगे-बाड़िच् बाड़ाय कातेक्
ती लाहायताम।

नोयोन काजोल मेंत्ताम
मानमी मुठानताम
बोगे-बाड़िच् ओपरोम लागित्
मेंत् मेनाक्ताम।

छेमेक आमाक् ताड़ामताम
मानमी जांगाताम
बोगे-बाड़िच् बाड़ाय कातेक्
जांगा लाहायताम।

हुलास रासका आञ्जोम लागित्
तुलुर मेनाक्ताम
बोगे-बाड़िच् पाछनाव लागित्
आकिल बाती हामेटताम।

# जवाहर नवोदय विद्यालय रे ओरामेना शैक्षणिक प्रदर्शनी

खोबोरिया

**जामताड़ा।** सागुनमाहां हिलोक् पीएम श्री जवाहर नवोदर विद्यालय, तांबाजोर, जामताड़ा रे शैक्षणिक प्रदर्शनी ओरामेना। प्रदर्शनी दो अनुमंडल पदाधिकारी, जामताड़ा, अनंत कुमार होतेते बाती जेरेत् काते उढावेना। ओरामेन कामीहोरा ताला रे नवोदय विद्यालय रेन पाठवा दो आताङ दाराम सेरेञ, रवींद्र नाथ टैगोराक् सेरेञ आर एनेच्को उदुक् केदा। आर से नोते अभिनव पद्धति ते शैक्षणिक प्रर्दशनी एहोप् एना, नोआ रे आड़ी मोंज-मोंज प्रदर्शको बेनाव आकात् ताहेंकाना। कला, विज्ञान, गणित, संगीत, इतिहास, अर्थशास्त्र, भूगोल, अंग्रेजी, हिन्दी सांवते जोतो बिसोय रेयाक् मॉडलको बेनावाकात् ताहेंकाना। प्रदर्श ओनमान तुलुच् अनुमंडल पदाधिकारी दो पाठवाकोवाक् हाहाड़ा हुनारे ञेल केदा आर आयमा कुकलीको होंय कुलीकेत्कोआ नोआ रे




गिदरा दो आड़ी मोंज तेला होंको एमादेया। अनुमंडल पदाधिकारी दो जोतो गिदराकोय सारहाव केत्कोआ आरे मेन केदा जे नोंका गे जियोन रे लाहा इदिक्पे, खुप् मोने लागाव काते पाडहाक्पे आर विज्ञान आर तकनीक पाहटा रे लाहा चालाव काते मित् नावां कामीयरेयाक् कुरूमुटूयपे, जेमोन ओना रेयाक् पोरहो दो जोतो होड़को ञाम। आर से नोते नवोदय विद्यालय रेन प्राचार्य डॉ. प्रीति श्रीवास्तव दोय मेन केदा जे नोंकानाक् कामीहोराको ते गिदराको रे रासका आर हुदिस दाड़े ढेरोक् काना। सांवते एंगात-आपात आर अधिकारीको हिजुक् रे गिदराको उसकुरोक् काना। नोआ ओपसोर रे मोंज प्रदर्श उदुक्केत् पाठवाको दो अनुमंडल पदाधिकारी सिरोपा एम कातेय मान-मानोत केत्कोआ। नोआ ताक रेविद्यालय रेन जोतो माहासोय आर माहासोय सोमान कर्मचारी एमानको सेटेराकान ताहेंकाना।

# रांची जिला वॉलीबॉल एनेच् हापाराव दो 20 मार्च खोन



खोबोरिया

**रांची।** रांची जिला वॉलीबॉल संघ दो 20 मार्च खोन रांची जिला वॉलीबॉल एनेच् हापारावको ओराम लागित। नोआ हापाराव रेयाक् मोतलोब दो जिला रे वॉलीबॉल बाढाव एमावाक् आर प्रतिभावान खिलाड़ीको पाछनाव बाछावको होयोक्आ। एनेच् हापाराव रे एकेन रांची जिला रेन टीम गेको सेलेत् दाड़ेयाक्आ। मोनेजोड़कान टीम दो ेराम समिति रेन पदाधिकारीको ठेन सोमपोक काते 18 मार्च हाबिच्को जोमा दाड़ेयाक्आ। जोतो मुकाबला दो ऑक्सीजन पार्क रे मेनाक् वॉलीबॉल टाण्डी रे एनेच् हापाराव होयोक्आ। मोंज गे एनेच् खिलाड़ीको बाछावक्आ ओका दो लाहा सेच् जिला रेयाक्को आयुरा।

# धिरी तेय तिञ गोच् केदेया हाड़ाम होड़, दाड़ताप् केदाय गोगोच्इच्

खोबोरिया

**खूंटी।** जिला रेयाक् रनिया थाना टोठा रेन मित्टेन हाड़ाम होड़ धिरी तेको तिञ गोच् आकादे रेयाक् मामला बालेमाहां हिलोक् सोदोराकाना। गोच् होड़ाक् पाछनाव दो बेलटोली रेन गिराबासी रंथु सिंह (70) रूप रे होय आकाना। ञाम आकान बानाडाय लेकाते ओतेमाहां हिलोक् ञिन्दा रंथु दो ओड़ाक् रेय जापित् आकात्ताहेंकाना। उन ओकते गे बिरसा प्रधान दो ओनको ओड़ाक् तेय हेच् एना आर पाउरा ञु ओचोये मेन ते ओड़ाक् खोन मोटामुटी 5 खोन 7 सौ मीटर सांगिञ कोंगा डिपा चाटानी ठेन इदि काते लाटू माराङ धिरी तेय तिञ गोच् केदेया आर आच् दोय दाड़ताप् केदा।



नोआ मामला रे आतो होड़ दोको मेनेत् काना जे नोआ खोन लाहा होंआयमा धाव ते बिरसा आर रंथु ताला रे झोगड़ा होय चुकावाकानताहेंकाना, आर ओना दो पारोमेन चान्दो रे गेकिन सोलहा लेना।मामला रेयाक् खोबोर ञाम सांवते पुलिस दो ओन्डेको सेटेरेना आर पुराउ मामला रेयाक् जांचको एहोप् केदा। पुलिस दो गोच् होड़मो पोस्टमार्टम ओचो केदा आर घारोंज रेन होड़को एमात्कोआ।

# टीचर्स संघ दो देवनागरी लिपि ते संताली भाषा लाहान्तीय आर जोगाव बाबोत विधानसभा रे

## विधायक कुकलीय राकाब रे सारहावको सोदोर केदा

खोबोरिया

**दुमका ।** ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी संताल टीचर्स एसोसिएशन दो मानोतान विधायक प्रदीप यादवए पौड़ेयाहाट विधानसभा होतेते देवनागरी लिपि तेसंताली भाषा लाहान्ती आर जोगाव बाबोत तेयाक् गे विधानसभा रे कुकली राकाब लागित् ते सारहावको सोदोरेत् काना। आसोलदो, होला 05 मार्च 2025 रेयाक् प्रभात खबर, देवघर संस्करण रेयाक् पेज नंबर 12 रे मानोतान विधायक होतेते राकाप्लेत् कुकली रेयाक् जोबाब दो छापा सोदोर आकाना, नोआ रे सरकार दोय लाई आकादा जे ''केंद्रीय भाषा संस्थान मैसूर होतेते संताली भाषा लागित् ओलचिकीबेवहारोक् काना, मेनखान नितोक् नोआ साँव-साँवते देवनागरी लिपिबेवहार रेयाक् काथा बाडाय आकाना।'' नोआ बाबोत रे पुराउ सत्यापित आर तथ्यात्मक रूप ते मेनेत् काना जे सरकार होतेते एमाकानजोबाब दो निराधार, भ्रामक आर होड़ गुमराहको सोमान काना। केंद्रीय भाषा संस्थान मैसूर होतेते संताली भाषा लागित् दो एहोप् खोनगे एकेन आर एकेन देवनागरी लिपि गे बेवहारोक् काना। नोआ काथादो प्रेस विज्ञप्ति रे एम काते ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी संताल टीचर्स एसोसिएशन रेन अध्यक्ष डॉ शर्मिला सोरेन आर साँवतेनकोको सोदोर केदा।

# आईसीसी वनडे रैंकिंग रे विराट कोहली दो पोनाक् ठाँय रे

खोबोरिया

**नावाँ दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम रेन स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दो आईसीसी रेयाक् ताजा वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग रे पोनाक् ठाँय एहामेट आकादा। कोहली दो चैंपियंस ट्रॉफी 2025 रेयाक् सेमीफाइनल रे ऑस्ट्रेलिया खिलाफ 84 रन मोंज पारीय एनेच् लेना, नोआ बोदोलते उनी दो भारतीय कप्तान रोहित शर्मा तायोमे तुलुच् नोआ ठांये हामेटकेदा।




ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ, ओकोय दो भारत खिलाफ सेमीफाइनल रे हारावेन तायोम वनडे क्रिकेट खोन जिरावक्ए सारसादलेलेदा, हों तुरूयाक् ठाँय रे दोन काते 16आक् ठाँय रे तियाक्आकादा।

25 उमार रेन ओमरजई दो आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 रेमोंज गेय खिलाड उदुक् केदा। नोआ रे इंग्लैंड खिलाफ मोड़ें विकेटहॉल आर ऑस्ट्रेलिया खिलाफ अर्धशतक सेलेत् ताहेंकाना। भारत रेन अनुभवी तेज गेंदबाज मोह मद शमी हों चैंपियंस ट्रॉफी रे मोंज गेंदबाजीइयाते तेसार ठाँय रेय दोन केदा आर 11आक् ठाँव रेय तियाक्आकादा। नोआ छाडा दक्षिण अफ्रीका रेन मार्को जानसेन दो आरेयाक्ठाँव चेतान राकाप् काते 18आक् ठांउ रे तियाक् आकादा। उनी दो इंग्लैंड रेन गाते आदिल रशीद आर ऑस्ट्रेलिया रेन मिचेलस्टार्क सांवते रैंकिंग ए हापाटिञ आकादा।

# केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान दो घारोंज रेन सालाक् तेय पूजावादेया बाबा महाकाल, भस्म आरती रेय सेलेत् एना



खोबोरिया

**उज्जैन।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योगमंत्री चिराग पासवान दोसागुनमाहां हिलोक् आपनार घारोंज रेन सालाक् ते उज्जैन तेयसेटेरेना आर नोंडें घारोंज रेन सालाक् ते विश्व नामडाकज्यातिर्लिंग भगवान महाकाल पूजा काते गोटा दिसाम रेन होड़ लागित्सुलुक-शांति आर पेरेच्-पुरून दोहोको रेयाक्ए बिनती केदा।उनी दो भस्म आरती रे होंय सेलेत् एना। ओना तायोम उनी दो नंदी हॉल रे मोटमुटी 2 घंटा हाबिच् दुडुप् कातेय जाप केदा। चिराग पासवान दो आरती तायोम बाबा महाकालाक् देहरी रे भगवानाक् थुमे हाताव केदा। नोआ ताक रे मंदिर रे पुजारी महेश शर्मा दो उनीटिकाक् काते बाहा मालाय आरावादेया आर नेयोम-धोरोम सालाक् पूजा ओचो केदेया। महाकाल मंदिर समिति सेच् खोन चिराग पासवान दो दुपट्टा लादे कातेको मान-मानोत केदेया।

नोआ ओपसोर रे केंद्रीय मंत्री चिराग दो महाकाल मंदिर रेयाक्बेबोसताको सारहाव तुलुच्ए मेन केदा जे जोतो होड़ गे मित् धाव भस्म आरती रे आसोकायते सेलेदोक् लेक काना। उनी दोय मेन केदा जे तेहेञ भस्म आरती रे सेलेत् काते इञ दो आड़ी भागानिञ बुझावेत् काना, एन्तेत् इञ दो भगवान महाकालाक् आसीरबादिञ ञाम आकात्आ।

उनी दोय मेन केदा जे भगवान दो इञ नुनाक्ए एम आकादेञा। मित् ओकते ओनका सोमोय ताहेंकाना तिन दो जोतोवाक्इञ रेच् चाबा ओचोलेना। महाकाल गे आसीरबादे एमा आकादेञा जे तेहेञ नोंडे हाबिच् दोञ हेच् दाड़ेवाकादा। इञ दो तेहेञ जोतो होड़ सालाक् ते महादेव सारहाविञ हेच् आकाना। इञ दो इञ गोगो, मिसएरा,तिञाङ, भागना-भागनी आर आयमा पेड़ाको सालाक् ते महाकालाक् आसीरबाद हाताविञ हेच् आकाना। माराङमंत्री दो आबो दिसाम दोलाहान्त आकान दिसाम बेनाव लागित्ए एकराड़ आकाना, नोआ रे आबो जोतो होड़ गे कुरूमुटू रे मेनाक्बोना, उनीयाक् नोआ एकराड़ दो आबोबोन पुराउ दाड़ोक् नोआ गे इञ दोञ बिनतीयेत् काना।

# प्रदेश भाजपा होतेते जोतो जिला रे तुरूई खोन 13 मार्च हाबिच् अटल विरासत स मेलन : आदित्य साहू

खोबोरिया

**रांची।** प्रदेश भाजपा सेच् खोन अटल जानाम साय ओपसोर रे आयमा कामीहोराको ओरामोक् काना। नोआ ओकते रे दाराय तुरूई खोन 13 मार्च हाबिच् जोतो सांगठनिक जिलाको रे अटल विरासत स मेलन ओरामोक्आ। नोआ काथा दो अटल जानाम साय सेमेलेत् रेन प्रदेश संयोजक सांसद आदित्य साहू गे मंगलवार हिलोक् ञिन्दा ओकतेय लाई केदा। साहू दोय लाई केदा जे सेमेलेत् रे आसोल लेकचारिच् प्रदेश अध्यक्ष आर पूर्व सिरामंत्री बाबूलाल मरांडी घालोक् आयमा सांगठनिक जिलाको रे पोनोत रेन नेताको सेलेदोक्आ। सेमेलेत् रे झारखंड निर्माता अटल बिहारी वाजपेयीवाक् होड़ गुन आर कामीको चेतान रे गालमाराव होयोक्आ। साँवते गे अटल वाजपेयी सांवते जनसंघ आर भाजपा रे कामीयको गाखुड़ कामियाको, ओनको घारोंजको, आपातकाल रे संघर्षको कामियाको होंको मानमानोतकोआ। लाई केदाको जे प्रदेश अध्यक्ष



बाबूलाल मरांडी दो 09मार्च हिलोक् कोडरमा रे, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय देवघर रे, केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ दो 08 मार्च हिलोक् गोड्डा रे, पूर्व सिरामंत्री अर्जुन मुंडा दो 13 मार्च हिलोक् सरायकेला खरसावां रे, पूर्व सिरामंत्री चंपई सोरेन दो 08 मार्च हिलोक् रांची माराङ नागराहा रे, पूर्व सिरामंत्री मधुकोड़ा दो 07 मार्च हिलोक् सिमडेगा रे, पूर्वप्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी 10 मार्च हिलोक् रांची ग्रामीण जिला रे, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यदुनाथ पांडेय 06 मार्च हिलोक् लोहरदगा रे अभयकांत प्रसाद 08 मार्च हिलोक् पाकुड़ रे, पूर्व सांसद सुनील सिंह 08 मार्च हिलोक् पलामू रे, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी 08 मार्च हिलोक् दुमका रेको गालमारावाकोआ। उनी दोय लाईकेदा जे 06 मार्च हिलोक् पूर्व सांसद अजय मारू दो खूंटी रे, 08 मार्च हिलोक् 08 मार्च हिलोक् सांसद कालीचरण सिंह गढ़वा रे, 09 मार्च हिलोक् बालमुकुंद सहाय धनबाद ग्रामीण जिला, श्याम नारायण दुबेलातेहार रे, सुदर्शन भगत रामगढ़ रे, सीपी सिंह धनबाद महानगर रे 10 मार्च हिलोक् अनंत ओझा जामताड़ा रे, बिरांची नारायण पूर्वी सिंहभूम रे, राज पलिवार हजारीबाग रे, नारायण दास साहेबगंज रेको गालमारावाकोआ। अनुसूचित जनजाति मोर्चा रेन राष्ट्रीय अध्यक्ष आर पूर्व सांसद समीर उरांव दो पश्चिम सिंहभूम रे सेलेमेत् रेय सेलेदोक्आ।

# ग्रामीण विकास मंत्री सोंगे कांग्रेस नेताको ञापामेना

खोबोरिया

**खूंटी ।** खूंटी रेन कांग्रेस नेता दो सागुनमाहां हिलोक् रांची रेग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सोंगेको ञापामेना आर खूंटी जिला रेयाक् आतो-डिहातको रेयाक् मुसकिलाक्को बाडाय ओचोकेदेया। कांग्रेस नेता दो दारायकान लोलो सेतोङ ञेलाते



पंचायती राज विभाग सेच् खोन चालाव-बानाक् कान कामीपोन्थाको रेयाक् पोरहो दो मिमित् होड़ हाबिच् सेटेर लागित् ते मंत्रीकोनेहोरादेया। ओनको दो जोतो बाड़िच् आकान चापानलको दो उसारा खोन उसारा मोरामोत ओचोय लागित्को नेहोरादेया।

# नितोक् सैटेलाइट ते चालाक्आ इंटरनेट, दिसाम रेयाक् कोना-कोना खोन सामुद्र हाबिच्ए ञामा स्पीड

खोबोरिया

**नावाँ दिल्ली।** भारत रे उसारा ते सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस दो एहोबोक् लागित्। नोआ बोछोर जून रेयाक् एतोहोप् रे सैटेलाइट सर्विस एहोप् होय दाड़ेयाक्आ। दूरसंचार नियामक नोआ सर्विस लागित् बेस ए तेयारेत् काना, ओका दो सांगिञ आर सोर समंदर हाबिच् रे इंटरनेट सेटेराको रेय दाड़ेयान गेया। मित् रिपोर्ट लेकाते, लाई केदाको जे पारोमेन भारतीय दूरसंचार



विनियामक प्राधिकरण सैटेलाइट क युनिकेश रेयाक् प्राइसिंग आर बेवहार रे सिफरिश रेयाक् मित् सेट मुचात् रूपे एमावाक् काना।ओका दो पारोमेन बार बोछोर खोन तेयारोक् काना। उनी दोय मेनकेदा जे जेमोन गे नोआ रेयाक् रूपरेखा तेयारोक्आ इना तायोमस्पेक्ट्रम एलोकेट तेयारोक्आ। ब्रॉडबैंड हिसाब रे नोआ सर्विस दो आड़ी लाहा गेया। खास काथा काना जे नोआ इलाकाको रे इंटरनेटकनेक्टिविटीय एमोक् काना जाहां केबल से मोबाइल टावर रेयाक्सुबिता बानुक्आ। सैटेलाइट इंटरनेट रे स्पेस रे मेनाक्सैटेलाइट्स बेवहारेत् काना। दुनिया रेयाक् आयमा दिसाम रे सैटेलाइट इंटरनेट ए बेवहारेत् काना। नोआ ब्रॉडबैंड इंटरनेट हिसाब रे जासती माहंगा गेया, चेदाक्जे सैटेलाइट इंटरनेट साँवजोड़ाव लागत जासती ताहेंन काना।


## पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 अनुबंध एमोक् लागित् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** दाराय ते आईआरईपीएस पोर्टल दाराय ते खुला ई-ठिका नेवतायेत् काना। नोआ रेयाक् बिवरोन दो नोंका लेका मेनाक्आः **नीलामी रेयाक् श्रेणीः** पार्सल रेयाक् जायगा (एसएलआर) रेयाक् पट्टा। **ई-नीलामी कैटेलॉग संख्याः** एएसएन-पीएसआरसी-180325। नीलामी एहोबोक् रेयाक् तारीकः 18.03.2025 हिलोक् सेताक् 11.00 बजे। **ट्रेन संख्या आर एसएलआरः** (1) 12376 (जसीडीह-तांबरम) एफएसएलआर-1। (2) 15625 (देवघर-अगरतला) एफएसएलअर-1। (3) 17322 (जसीडीह-वास्को द गामा) एफएसएलआर-1। (4) 12235 (मधुपुर-आनंद विहार टर्मिनल) एफएसएलआर-1। (5) 22459 (मधुपुर-आनंद विहार टर्मिनल) एफएसएलआर-1। (6) 13507 (आसनसोल-गोरखपुर) आरएसएलआर-1। (7) 13507 (आसनसोल-गोरखपुर) एफएसएलआर-2। (8) 11428 (जसीडीह-पुणे) एफएसएलआर-1। जोतो बोलीदाताको नोआ सोलहा एमावाको काना जे ओनको दो पुराउ बानाडाय लागित् दो वेबसाइट www.ireps.gov.in ञेलपे आर चेतान रे एम आकात् अनुसूची लेका रे चेतान रे मेनाक् ई-नीलामी रे सेलेदोक्पे।

(ASN-362/2024-25)

ठिका खोबोर दो वेबसाइटः **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

**नोंडे पांजालेपेः** @EasternRailway easternrailwayheadquarter

## डालसा ने डायन- बिसाही पीड़ित के परिजन को प्रदान की विधिक सहायता



**दुमका।** ज़िले के मुफस्सिल थाना अंतर्गत पकड़िया गाँव में घटित घटना को लेकर मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका के अध्यक्ष, संजय कुमार चन्द्धरियावी ने प्राधिकार के सचिव, उत्तम सागर राणा को पीड़ित परिवार को तत्काल विधिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से दिशा निर्देश दिया। निर्देश का पालन करते हुए सचिव ने पीड़ित परिवार को विधिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए तत्काल लीगल एड डिफेंस काउंसिल तथा पारा लीगल वालंटियर की टीम के साथ फूलों झानो मेडिकल कॉलेज, दुमका जाकर उनके परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी लिया तथा डालसा के माध्यम से दी जाने वाली विधिक सहायता के बारे में भी जानकारी के साथ आर्थिक सहायता भी प्रदान किया, मौके पर दुमका के प्रखंड विकास पदाधिकारी, उमेश मंडल भी उपस्थित थे। पीड़िता के परिजन ने पीएलबी के माध्यम से डालसा सचिव को विधिक सहायता तथा मुआवजा राशि प्रदान करने के संबंध में आवेदन भी दिया।

## कुत्तों के झुंड ने चार वर्षीय मासूम पर किया हमला

**जरमुंडी ।** बासुकीनाथ नगर पंचायत क्षेत्र में इनदिनों कुत्तों का आतंक से यहां के नागरिक सकते हैं। आवारा कुत्तों द्वारा झुंड बनाकर पालतु पशुओं पर हमला करने की घटना तो यहां आम है ही। अब कुत्तों ने इंसानों पर भी झूंड बनाकर सरेआम हमला करना शुरू कर दिया है। आवारा कुत्तों के आतंक से अब छोटे-छोटे नौनिहाल बच्चे सुरक्षित नहीं है। आवारा कुत्तों द्वारा इंसानों पर हमला करने की यह घटना जरमुंडी थाना अंतर्गत बासुकीनाथ नगर पंचायत क्षेत्र की है,जहां खुटहरी गांव में एक साथ तीन कुत्तों ने झुंड बनाकर एक चार वर्षीय मासूम बच्चे पर दिनदहाड़े हमला करके शिकार बनाना चाहा।गनीमत बात यह रही कि मौके पर मासूम बच्चा मोहन मरांडी की मां मौजूद थी और उसने बच्चे के चीखने चिल्लाने पर किसी तरह मासूम मोहन को कुत्तों के चंगुल से बचाया। बता दें कि पिछले कुछ समय से जरमुंडी प्रखंड के विभिन्न इलाकों में भी कुत्तों का आतंक देखा जा रहा है।ग्रामीण क्षेत्र में कुत्ते झुंड बनाकर सुनसान जगहों में घास चरते बकरी और अन्य पालतु पशुओं को अपना शिकार बना रहे हैं। बहरहाल कुत्तों द्वारा इंसानी बच्चे पर हमला कर अपना शिकार बनाने की इस घटना के बाद स्थानीय निवासी सकते में है।इस घटना के बाद कुत्तों के काटने से घायल चार वर्षीय मासूम मोहन मरांडी,पिता बाबूसल मरांडी खुटहरी ग्राम निवासी की चिकित्सा जरमुंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में की जा रही है। मासूम मोहन को एंटी रेबीज के प्रतिरोधक दवाइयों की डोज दी जा रही है। कुत्तों के आतंक की इस घटना के बाद स्थानीय नागरिकों ने आवारा कुत्तों के आतंक से छुटकारा दिलाने की मांग नगर प्रशासन से की है।

## दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो घायल



**जरमुंडी ।** थाना क्षेत्र में घटी दो अलग- अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक राहगीर और बाइक सवार समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना ढाका- झनकपुर मार्ग की है। जिसमें 30 वर्षीय बंदरफसा ग्राम निवासी विजय मुर्मू,पिता देवीलाल मुर्मू तिलक (रोका) करके घर लौट रहे थे। इसी बीच रास्ते में एक तीखे मोड़ पर बाईक अनियंत्रित हो गई,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क दुर्घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों और परिजनों के द्वारा 108 एंबुलेंस सेवा की सहायता से जरमुंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।जहां मौजूद डॉक्टर महेश मिश्रा, डॉ उमाशंकर मेहरा, ड्रेसर कुंदन कुमार व पंकज कुमार के द्वारा उसकी प्राथमिक चिकित्सा की गई।प्राथमिक इलाज के बाद विजय मुर्मू की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए दुमका के फूलों झानो मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया। दूसरी घटना जरमुंडी थाना क्षेत्र के हथनंगा - धोबियाटीकर गांव के पास हुई। गांव के पास पैदल चल रहे एक 15 वर्षीय किशोर को टाटा मैजिक ने धक्का मार दिया। इस क्रम में मैजिक वाहन धक्का मारकर मौके से फरार हो गया। इस घटना के बाद परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों द्वारा घायल किंकर मंडल को निजी वाहन से उठाकर जरमुंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।जहां उसका उपचार किया जा रहा है। इधर दोनों घटनाओं में घायल के परिजनों द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता निरंजन मंडल को जानकारी दिए जाने पर उन्होंने अस्पताल पहुंचकर घायल की चिकित्सा में परिजनों को सहयोग किया।

## जिंदल पैंथर द्वारा राज मिस्त्री सम्मेलन का आयोजन



**सरैयाहाट।** हंसडीहा स्थित बाबा होटल में बुधवार को जिंदल पैंथर राज मिस्त्री सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजन जीवा इंटरप्राइजेज के द्वारा हुआ। इस दौरान हंसडीहा और रामगढ़ क्षेत्र के राज मिस्त्रीयों को जिंदल पैंथर छड़ की विशेषताओं और इसके सही उपयोग के संबंध में जानकारियां दी गई। मौके पर जोनल मैनेजर हिमांशु भटनागर ने कहा कि इस छड़ की उपयोगिता कई मायनों में बेहतर है। इस छड़ की गुणवत्ता अन्य छड़ की अपेक्षा ज्यादा बेहतर है। जिंदल पैंथर छड़ सीमेंट के साथ मजबूती से जुड़ सकता है। इस छड़ में जंग और आग के विरुद्ध अधिकतम सुरक्षा की क्षमता होती है। इसमें उत्कृष्ट लचीलापन, उच्च मजबूती और बैंड एबिलिटी होती है। भूकंप के विरुद्ध भी इसकी प्रतिरोधक क्षमता अधिक है। उन्होंने यह भी बताया कि जिंदल पैंथर के नाम से बाजार में नकली छड़ भी इस्तेमाल किए जा रहे हैं। जिससे ग्राहकों को सावधान रहने की आवश्यकता है। इस अवसर जीवा इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर सोनू भगत, एरिया सेल्स ऑफिसर चन्द्रान्शु सिंह, सुजीत झा, टेक्निकल इंजीनियर विश्वजीत आनंद सहित दर्जनों राज मिस्त्री मौजूद थे।

## बिजली चोरी में नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**दुमका ।** मसलिया थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली विभाग की ओर से मंगलवार को छापेमारी कर कारवाई करते हुए कुल नौ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज थाना में कराया गया है। साथ ही बिजली के कई सामान की भी जब्ती की गई है। इसमें ग्राम पंचायत कोलारकोंदा के देविश्वर मरांडी पिता सनाधन मरांडी, मकरमपुर कोलारकोंदा के भरत मिर्धा पिता स्व0 लालू मिर्धा, जयंतो दास पिता स्व जितेंद्र नाथ दास, हाड़ोरायडीह पंचायत अंतर्गत मसलिया के रमेश प्रसाद साह पिता स्व भरत साह, बाबुजन हांसदा पिता सुंदर हांसदा, नंद कुमार नंदी पिता बसंत नंदी, दीपक कुमार गुप्ता पिता कैलाश साह, पिंटू कुमार दत्ता पिता गुनाधर दत्त, अजय कुमार दास पिता स्व प्रफुल्ल दास को नामजद आरोपी बनाया गया।

## बीडीओ ने की अयोग्य लाभुकों के मकान की जांच

**संवाददाता**

**रानीश्वर (दुमका) ।** प्रखंड क्षेत्र में केंद्र सरकार के खाद्य सुरक्षा कानून अपना उद्देश्य से भटक गया है ।यहां सम्पन्न लोग ,चार चक्का वाहन के मालिक ,ठाट बाट एवं ऐसो आराम का जीवन गुजर बसर करने वाला अयोग्य लाभुक लाल कार्ड एवं अंतोदय के राशनकार्ड बनवाकर अनाज उठाव कर रहा हैं । जिला प्रशासन के द्वारा यहां अयोग्य लाभुकों का राशनकार्ड रद्द करने का आदेश दिया है पर यहां प्रशासन के आदेश बेअसर है । प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने बुधवार सूखजोड़ा गांव के अंतोदय राशनकार्ड धारी , चंदा कुमारी देवी एवं बासंती देवी एवं लालकार्ड धारी कमल किशोर मंडल ,एवं आरती पाल के घर का निरीक्षण किया है। यहां अंतोदय राशनकार्ड धारी एवं लालकार्ड धारी लाभुकों का दो मंजिला पक्का मकान, चार चक्का वाहन पाया गया है ।बीडीओ ने उन अयोग्य लाभुकों को स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही खाद्य सुरक्षा कानून के तहत उन लाभुकों से गलत रूप से उठाया गया अनाज का मूल्य के साथ 12 फीसद ब्याज बसूली करने की करवाई करने की पहल शुरू कर दिया है।

# डायन-बिसाही हत्याकांड में दो महिला सहित सात गिरफ्तार, गये जेल

### ● पुलिस ने किया खून से लगा डंडा बरामद



**दुमका ब्यूरो**

**दुमका ।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पकड़ियाडीह में मंगलवार को डायन बिसाही मामले में मारपीट और हत्या के आरोप में बथना राणा एवं उनके पुत्र नरेश राणा को बिजली के खंभे में बाँध कर कुछ लोगों के द्वारा मारपीट कर जख्मी कर दिया गया था। सूचना मिलते ही मुफ्फसिल थाना पुलिस ने दोनों को जख्मी हालत में उनके परिजन के साथ ईलाज को लेकर फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया था। ईलाज के दौरान अस्पताल में जख्मी नरेश राणा की मृत्यु हो गई। तदोपरांत /103(2) बी एन एस एवं 3/4 डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001 दर्ज किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार मामले की गंभीरता को देखते हुए इस कांड में अभियुक्तों के गिरफ्तारी को लेकर प्रशिक्षु आईपीएस सह मुफ्फसिल थाना प्रभारी डॉ0 सैय्यद मुस्तफा हाशमी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।पुलिस द्वारा बताया गया कि सभी आरोपी दुमका रेलवे स्टेशन से ट्रेन पड़कर भगाने के फिराक में थे सूचना पर पुलिस रेलवे स्टेशन पहुंची 7 आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जबकि एक आरोपी अभी भी पुलिस के गिरफ्तारी से बाहर है। आरोपी मे से गुलाब मडैया, बबलू मडैया लाल बाबू मडैया उर्फ चुन्नू मडैया, रवि मडैया चारों पे दीपक मडैया, अनीता देवी, अंजली देवी, दीपक मडैया उर्फ दीपू मडैया को गिरफ्तार कर सभी आरोपियों को मेडिकल जांच के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल जांच के लिए ले जाया गया उसके बाद कोर्ट में पेश किया गया। यह बता दें कि सभी को उनके परिजनों द्वारा थाना में 08 नामजद अभियुक्तों के खिलाफ लिखित आवेदन दिया गया। इसके आधार पर दुमका (मु) थाना कांड सं0- 34/2025 दि0- 04.03.2025 धारा- 191(2)/191(3)/190/115 (2)/117(2)/117(4)न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

# छेड़खानी, छिनतई और मारपीट का आरोपी की पुलिस अभिरक्षा से भागा, विरोध में ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका ।** जिले के हंसडीहा में छेड़खानी, छिनतई और मारपीट के आरोपी की पुलिस अभिरक्षा से भाग जाने के विरोध में आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस पर आरोपी को भागने का आरोप लगा करीब छह घंटे तक सड़क जाम रखा। जाम की वजह से हंसडीहा में सड़क के चारों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। करीब दो हजार से ज्यादा वाहन जाम की वजह से छह घंटे तक सड़क पर जहां तहां खड़े रहे। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह थाना क्षेत्र के बनहेती गांव के लोग हंसडीहा चर्च प्रार्थना के लिए जा रहे थे, इसी दौरान आरोपी पगवारा गाँव निवासी मिथलेश दास निर्माणाधीन पानी टंकी के समीप सुनसान जगह को देख आने जाने वाले आदिवासियों से जबरन पैसे की मांग कर उनसे मारपीट और महिलाओं के साथ छेड़खानी कर रहे थे। मिथलेश के ऊपर पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिसकी वजह से ग्रामीण काफी भयभीत थे। छेड़खानी, पैसे की छिनतई और मारपीट की खबर जब गांव वालों तक पहुंची तो लोग आक्रोशित हो गए और घटना स्थल पर पहुंच दौरा कर आरोपी को पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस आरोपी को पूछताछ के लिए हंसडीहा थाना लेकर पहुंची और इसी बीच कुछ ही देर बाद आरोपी पुलिस को चकमा दे थाना परिसर से भाग निकला। आरोपी के थाना से भागने की खबर जैसे ही ग्रामीणों को मिली लोग आक्रोशित हो गए और हंसडीहा में सड़क को चारों दिशाओं से जाम कर दिया। करीब छह घंटे बाद थाना प्रभारी प्रकाश सिंह के समझाने बुझाने और चौबीस घंटे के अंदर आरोपी की गिरफ्तारी के आश्वासन के बाद लोग सड़क से हटे। इस दौरान सर्कल इंस्पेक्टर विशुन देव पासवान, सरैयाहाट थाना प्रभारी ताराचंद, रामगढ़ प्रभारी मनीष कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल हंसडीहा पहुंच स्थिति को संभालते हुए दिखे।

-----------------

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा। ग्रामीणों ने आरोपी को पुलिस के जिम्मे दिया था। उसके भागने में जो भी जिम्मेदार होंगे उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही के लिए वरीय पदाधिकारी को लिखा जाएगा।

**प्रकाश सिंह**
**थाना प्रभारी हंसडीहा**

## अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**काठीकुंड ।** थाना क्षेत्र के पोखरिया गांव के 55 वर्षीय शिबू देहरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। प्रशासन ने घटनास्थल से शव को बरामद किया, लेकिन स्वजनों ने पोस्टमार्टम नहीं करने दिया और बुधवार को अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक के बेटे सुरेन्द्र देहरी और ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि मृतक मानसिक रूप से बीमार था। जानकारी के अनुसार मृतक सोमवार को दिन में अचानक घर से निकल गया था, लेकिन देर शाम घर नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों ने दिनभर खोजबीन की, लेकिन कहीं भी पता नहीं चला। मृतक के बेटे सुरेन्द्र देहरी ने बताया कि पिता हमेशा घर से अचानक निकल जाते थे और रात में घर लौट आते थे। सोमवार को जब घर नहीं लौटे तो हर जगह खोजा गया लेकिन कहीं भी पता नहीं मिला। सोमवार को गांव से दूर आम के पेड़ में गमछा से फांसी लगाकर जान दे दी। ग्रामीणों ने मृतक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने की पुलिस को जानकारी दी और पोस्टमार्टम नहीं कराने का आवेदन देकर अंतिम संस्कार कर दिया।

## बीडीओ ने पीडीएस दुकानदारों के साथ बैठक कर ई केवाईसी पर तेजी लाने का दिया आदेश



**गोपीकांदर ।** प्रखंड विकास कार्यालय के सभागार में बुधवार को बीडीओ सह सीओ विजय प्रकाश मरांडी ने प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ बैठक किया। बैठक में डीलर से किए गए अनाज वितरण की स्थिति की समीक्षा किया गया। कार्ड धारियों की हो रही ईकेवाईसी का भी जायजा लिया गया। ई के वाई सी की कार्य प्रगति पर तेजी लाने का निर्देश दिया गया ताकि निर्धारित समय 31 मार्च तक ई के वाई सी का कार्य को पूरा किया जा सके। साथ ही साथ अनाज वितरण में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं हो कहीं से किसी तरह की गड़बड़ी का शिकायत मिलने से डीलर के खिलाफ कारवाई की जाने की बात बताई गई। मौके पर प्रकाश भगत, संजय प्रसाद, मिकाइल मरांडी, हारबेट हांसदा, आंध्ररीयश मरांडी, सगेन हेंब्रम, संतोषनी सोरेन, बाबूराम मुर्मू, एंथोनी मुर्मू, सुंदर देहरी, सर्वेसर गृही सहित दर्जनों डीलर मौजूद थे।

## बीडीओ ने किया पंचायत सचिव के साथ बैठक

**रानीश्वर (दुमका) ।** प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने बुधवार प्रखंड कार्यालय के सभागार में मनरेगा एवं आवास योजनाओं की समीक्षा बैठक किया है। पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक के साथ हुई बैठक में सभी गांवों में मनरेगा के तहत पांच योजनाओं की क्रियान्वयन को लेकर साथ ही पूर्ण योजनाओं की एम आई एस मे बंद करने एवं इंडिकेटर में प्रगति लाने के लिये सभी रोजगार सेवकों को निदेश दिया गया है। अबुआ आवास योजना के तीसरा क़िस्त की भुगतान किये गये लाभुकों को जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने का आदेश दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्लस 2.0 की सर्वे कार्य मे गति लाने एवं पीएम जन मन के तहत भुगतान किये गये लाभुकों के आवास कार्य मे गति लाने सभी पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवकों को निदेश दिया है । बैठक में पंचायत सचिव ,प्रखंड समन्वयक आवास, कनीय अभियंता ,रोजगार सेवक एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मौजूद थे ।

# पर्यावरण नियमों की अवहेलना पर दो पत्थर खदानों को प्रदूषण बोर्ड ने दिया नोटिस

### पर्यावरण सुरक्षा का उपाय सुनिश्चित करें वरना होगी कार्रवाई

**विशेष संवाददाता**

**दुमका ।** गोपीकांदर इलाके में कई पत्थर खदानों में खनन के दौरान पर्यावरण सरंक्षण के मापदंडों का उल्लंघन किया जा रहा है।कई स्रोतों से इसकी जानकारी मिलने पर झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय दुमका के अधिकारियों ने कुछ पत्थर खदानों की जांच की है।क्षेत्रीय पदाधिकारी अमुल कुमार सोरेन के निर्देश पर सहायक पर्यावरण अभियंता समीर बड़ाईक ने जब पत्थर खदानों की जांच की।जांच के दौरान कई पत्थर खदानों में सीटीओ की शर्तों का उल्लंघन करते हुए खनन कार्य होने की पुष्टि हुई है।बोर्ड के क्षेत्रीय पदाधिकारी अमुल कुमार सोरेन ने बताया कि गोपीकांदर इलाके के दो पत्थर खदानों के संचालकों को नोटिस भेज कर पर्यावरण सुरक्षा का उपाय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।सहायक पर्यावरण अभियंता समीर बड़ाइक की जांच रिपोर्ट के आधार पर जिन पत्थर खदानों को नोटिस भेजा गया है,उनमें अदिति स्टोन वर्क्स और वरुण सिंह सिसोदिया प्राइवेट लिमिटेड शामिल है।क्षेत्रीय पदाधिकारी अमुल कुमार सोरेन ने बताया कि दोनों पत्थर खदानों के संचालकों को खनन के दौरान प्रदूषण के रोकथाम के लिए निर्धारित पर्यावरण नियमों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।उन्हें कहा गया है पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सीटीओ (कंसेंट टू ऑपरेट) में दिए गए शर्तों का पालन करें।जांच में जो कमियां पाई गई है उसे दूर करें ताकि पर्यावरण को होने वाली क्षति को रोका जा सके।

### प्रदूषण पर यूनिट बंदी के साथ होगी क्षतिपूर्ति राशि की वसूली : सोरेन



**दुमका(विशेष संवाददाता) ।** झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय दुमका के क्षेत्र पदाधिकारी अमुल कुमार सोरेन ने संताल एक्सप्रेस को बताया कि न सिर्फ गोपीकांदर इलाके बल्कि संताल परगना के किसी भी जिले में पत्थर खदानों और क्रशर इकाईयों में पर्यावरण नियमों की अवहेलना की शिकायत मिली तो जांच कर नियमानुसार कार्रवाई होगी।उन्होंने बताया ऐसे पत्थर खदानों या क्रशरों की जांच के दौरान पर्यावरण नियमों की अवहेलना पाए जाने पर न सिर्फ बंदी आदेश के लिए राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को रिपोर्ट की जाएगी बल्कि नियमानुसार क्षतिपूर्ति राशि भी जुर्माना के रूप में वसूली की जाएगी।क्षेत्रीय पदाधिकारी श्री सोरेन ने सहायक पर्यावरण अभियंता को निर्देश दिया है कि प्रत्येक क्लस्टर में ऐसे पत्थर खदानों और क्रशरों को चिन्हित कर रिपोर्ट करें जहां पर्यावरण नियमों की अनदेखी की जा रही है।ऐसे खदानों एवं क्रशरों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# जरमुंडी में भागवत कथा का आयोजन, 108 महिलाओं ने निकाली शोभायात्रा



**संवाददाता**

**जरमुंडी ।** जरमुंडी प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बनवारा के बांधडीह गांव में बुधवार से श्रीमदभागवत कथा ज्ञान सप्ताह का आयोजन किया गया। श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह में बिहार बांका के बौंसी स्थित शालीग्रामेश्वर धाम के कथा वाचक संजयानंद झा के द्वारा कथा वाचन किया जा रहा है। श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन को लेकर बुधवार को गाजे-बाजे के साथ 108 महिलाओं व कन्याओं द्वारा सरोवर से पवित्र जल भरकर कार्यक्रम स्थल तक भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर प्रथम दिन कथा वाचक ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण मात्र से जन्म-जन्म के पाप धुल जाते हैं। भागवत कथा का श्रवण मनोयोग पूर्वक करें एवं इसके उपदेशों को अपने जीवन में उतारें। उन्होंने उपस्थित लोगों को माता-पिता, वृद्धजनों, असहाय की मदद करने व परोपकार करने की सीख दी। कथा में मुख्य यजमान विनोद प्रसाद साह एवं उसकी धर्मपत्नी केसोवती देवी बने हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर मुख्य रूप से मनु साह, रोहित साह, प्रिंस कुमार, नाथुराम कापरी, उमेश साह, बुद्धदेव कुंवर, शिवनंदन मंडल, नरेश मंडल, राजेश प्रसाद साह, आशा देवी, मानिक गण, मंटी देवी, डेजी देवी, मौसमी देवी, नेहा देवी, छोटी कुमारी, पूजा देवी, अंजली देवी, किरण देवी, रंजु देवी, दशरथ मांझी, टुनटुन मंडल सहित आयोजक समिति के सदस्य व धर्मावलम्बी तन, मन, धन से जुटे हुए है।

## कस्तूरबा विद्यालय में प्रवेश को लेकर हुई काउंसलिंग



**संवाददाता**

**गोपीकांदर ।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परिसर में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में प्रवेश को लेकर कक्षा 6 और 9 की काउंसलिंग बुधवार को किया गया। काउंसलिंग में कक्षा 6 के लिए सुरजुडीह, ओडमो, मुसना और गोपीकांदर पंचायत की 61 छात्राओं की आवेदनों को प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय प्रकाश मरांडी की अध्यक्षता में बनाए गए पांच सदस्य टीम कस्तूरबा वार्डेन ज्ञान प्रभा , बीईईओ सुरेन्द्र हेंब्रम, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विशाल कुमार, बीपीओ समीम परवेज़ एवं लेखपाल राहुल राम के द्वारा एक-एक कर माता समिति बैठक पंजी, जाति-निवासी, आधार, का मूल पत्र, बीपीएल मूल प्रति अभिप्रमाणित, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र ( अनाथ व एकल अभिभावक की स्थिति में) , शिशु पंजी मूल प्रति, नामांकन पंजी, छात्र उपस्थिति पंजी, स्थानान्तरण प्रमाण पत्र एवं 8 वीं बोर्ड परीक्षा का अंक प्रमाण पत्र सहित अन्य कागजातों का जांच की गई। प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी समीम परवेज़ ने बताया कि बाकी बचे खरौनी बाजार, टांनजोर और कुशचिरा पंचायत की काउंसलिंग कल 6 मार्च गुरुवार को किया जाएगा।

# केंद्रीय भाषा संस्थान द्वारा संताली भाषा पर विधानसभा में दिए बयान भ्रामक : शर्मिला सोरेन

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** हाल के दिनों में जिले में ओलचकी और देवनागरी को लेकर विवाद देखा जा रहा है इसी क्रम में बीते दिनों रेलवे नाम पट पर ओलचकी से लिखे जाने पर उसे मिटा दिया गया था जिसे लेकर विवाद बढ़ गया। रेलवे प्रशासन कि इस घटना से सांस फूलने लगी। बुधवार को इसी क्रम में एक और कड़ी जुड़ गई। अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संथाल शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. शर्मिला सोरेन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पोडैयाहाट विधानसभा के विधायक प्रदीप यादव ने देवनागरी लिपि से संताली भाषा के विकास तथा संरक्षण से संबंधित विधानसभा में सवाल उठाने के लिए ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी संताल टीचर्स एसोसिएशन (एआईयूएसटीए) आभार व्यक्त करती है। उन्होंने कहा कि 05 मार्च 2025 को एक अखबार में विधायक के ?द्वारा उठाए गए सवाल का जवाब प्रकाशित हुआ है, जिसमें सरकार ने बताया है कि ÷केंद्रीय भाषा संस्थान मैसूर द्वारा संताली भाषा के लिए ओलचिकी का उपयोग किया जाता है, पर अब इसके साथ-साथ देवनागरी लिपि के उपयोग किये जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। इस पर उन्होंने कहा कि पूर्ण सत्यापित तथा तथ्यात्मक रूप से कहना है कि सरकार द्वारा दिए गए जवाब निराधार, भ्रामक तथा जनता को गुमराह करने के समान है। केंद्रीय भाषा संस्थान मैसूर द्वारा संताली भाषा के लिए शुरु से ही केवल और केवल देवनागरी लिपि का ही उपयोग किया जाता है।

# ग्राम प्रधान को मिला लगान वसूली का दायित्व



**संताल एक्सप्रेस संवदादाता**

**रानीश्वर ।** मंगलवार को अंचल कार्यालय के सभागार में भूमि राजस्व की विशेष शिविर लगाई गई। शिविर में वरीय पदाधिकारी सह आईटीडीए के निदेशक रवि जैन ,प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ,थाना प्रभारी बलराम कुमार सिंह उपस्थित थे । विशेष शिविर में अंचल अधिकारी संदा नुसरत ने ग्राम प्रधानों को लगान वसूली को लेकर अंचल नाजिर के माध्यम से रसीद बुक उपलब्ध कराया है। यहां ऑनलाइन लगान वसूली शुरू होने के बाद यहां विगत एक दशक से 30 फीसद रैयत अद्यतन लगान जमा करने से बंचित है ।अपटूडेट लगान रशीद नहीं रहने के कारण किसान सरकारी लाभ से बंचित है। उपायुक्त ने ग्राम प्रधानों के माध्यम से लगान वसूली कराने का एक महती निर्णय लिया है ।डीसी दुमका के आदेश से यहां ग्राम प्रधानों को संथाल परगना काश्तकारी कानून द्वारा प्रदत्त अधिकार का पुनरहल होगा ।साथ ही बिगत एक दशक से लगान जमा करने से बंचित रैयत लगान जमा कर पायेगा । संथाल परगना काश्त कारी कानून में जमीन की खरीद- बिक्री,दान पत्र लागू नहीं है ।प्रखंड के नन सेलेबुल मौजा में ग्राम प्रधानों को भूमि राजस्व में विशेष अधिकार प्राप्त है । वहीं प्रखंड के 44 मौजा सेलेबुल है ।सेलेबुल मौजा में ग्राम प्रधान नियुक्त करने का प्रावधान नहीं है।सेलेबुल मौजा के भूमि राजस्व का कार्य हल्का कर्मचारियों के जिम्मे है। सेलेबुल मौजा के बहुसंख्यक रैयत लगान जमा करने से बंचित हैं । रैयत 60 वर्ष से एक अप लाईन लगान जमा करता था ।ऑनलाइन लगान वसूली चालू करने के बाद यहां के सेलेबुल मौजा के रैयत अपने जमीन की लगान जमा करने बंचित है । सेलेबुल मौजा के राजस्व कर्मचारियों के माध्यम से पूर्व के तरह अप लाईन लगान वसूली करने की रैयतों ने मांग किया है ।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन चसिपाहीज फोन न. 7367009287, 9771486686